तापमान

अधिकतम 29.8 डिग्री

न्यूनतम 10.2 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 12 नवंबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



12 स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने छात्राओं को किया साइकिल वितरण



13 शिक्षकों की लगी एसआईआर में बीएलओ ड्यूटी, पढ़ाई-लिखाई ठप







न्यू ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाउस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### 85 लाख के गबन के मामले में तीन गिरफ्तार



**भिलाई।** किसानों से बैंक का लोन वसूल कर स्वयं रकम को रख कर बैंक से गबन करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ईसाफ स्माल फायनेंस बैंक शाखा दुर्ग प्रबंधक मोहित देशमुख ने शिकायत की थी कि ग्राम चंदखुरी निवासी हिरन बाई साहू समेत अन्य 239 ग्राहकों से ईसाफ बैंक के लोन के रूप में 85 लाख रुपए वसूल कर आरोपियों ने अपने पास रख लिया था। ऋण लेने वाले उपभोक्ताओं को बैंक से नोटिस मिलने के बाद घटने का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी ग्राम रेंगाकठेरा जिला राजनांदगांव निवासी सतीश कुमार सिन्हा, डोंगरगढ़ टिकेश कुमार, लोरमी जिला मुंगेली अमित कुमार ध्रुव को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया कि बैंक के रकम को वसूल कर स्वयं के उपयोग में लाया गया। आरोपियों ने 84 लाख 98 हजार 940 रूपये खर्च कर गबन किया। कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में पुलिस ने भेज दिया है।

### मुरमुंदा में सड़क हादसे में महिला की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र का है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम मुरमुंदा चौक से गोढ़ी सड़क के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। एक बाइक सवार परिवार समेत सड़क पर गिर पड़ा। तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने महिला को रौंद दिया। घटना 10 नवंबर की रात 8.30 बजे की है। उमदा भिलाई तीन निवासी लोकेश अपनी पत्नी नीलम और मां बिसवंतीन के साथ बाइक से घटियाखुर्द रिश्तेदार के यहां हुआ था। तीनों रात में अपने घर उमदा लौट रहे थे। तभी मुरमुंदा चौक के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त था कि दोनों वाहन सवार सड़क पर गिर पड़े। घटना में लोकेश,उसकी मां बिसवंतीन बाई को गंभीर चोटें आईं। गिरने से पत्नी नीलम रात्रे की साड़ी पास से गुजर रही अज्ञात ट्रक के पिछले हिस्से में फंस गई। ट्रक ने नीलम को घसीटते हुए लेकर गया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। अस्पताल डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रक चालक की खोजबीन की जा रही।

### आक्रोशित परिजनों ने स्कूल में किया प्रदर्शन, फूटा गुस्सा

# आत्मानंद स्कूल में नाबालिग पर कटर से जानलेवा हमला, स्कूल प्रबंधन की लापरवाही पर भड़के परिजन

### घायल छात्र को पिता ने खुद टेम्पो से पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर-7 स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में 10 नवंबर सोमवार की दोपहर 3.30 बजे क्लासरूम के अंदर एक नाबालिग छात्र ने दूसरे नाबालिग छात्र पर कटर से हमला कर दिया। इससे 17 वर्षीय छात्र घायल हो गया। उसके शरीर में करीब 30 टांके लगे हैं। आरोप है कि स्कूल प्रबंधन घायल छात्र को तुरंत अस्पताल भेजने की जगह मामले को दबाने में लगा रहा। एम्बुलेंस तक नहीं बुलाई गई। घायल छात्र के पिता को खुद अपने टेम्पो से उसे जिला अस्पताल ले जाना पड़ा। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने स्कूल में प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल के खिलाफ कार्रवाई और बर्खास्तगी की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। भिलाई नगर पुलिस ने धारा 173 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।







#### टीआई पहुंचे तो भड़का गुस्सा परिजनों से तीखी नोंकझोंक

मंगलवार सुबह करीब 10 बजे आक्रोशित परिजनों और मोहल्लेवालों ने आत्मानंद स्कूल में प्रदर्शन किया। स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। सूचना मिलते ही भिलाई नगर थाने से दो पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को शांत करवाने का प्रयास किया, लेकिन वो नहीं माने। इसके बाद और पुलिस बल बुलाया गया। थोड़ी देर बाद आक्रोशित परिजन स्कूल के गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। जानकारी मिलते ही भिलाई नगर थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा मौके पर पहुंचे। स्थिति इतनी गरमाई कि पुलिस और परिजनों के बीच नोकझोंक शुरू हो गई।

#### लापरवाह शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग

धरना पर बैठे परिजनों ने स्कूल प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। परिजनों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने घायल छात्र को अस्पताल पहुंचाने की कोई व्यवस्था नहीं की। खून से लथपथ बच्चे को स्कूल में ही तड़पता छोड़ दिया गया। एम्बुलेंस तक नहीं बुलाई गई। घायल छात्र के पिता ने बताया कि उन्हें फोन पर सिर्फ इतना कहा गया कि आपका बच्चा गंभीर रूप से घायल है। पिता तुरंत स्कूल पहुंचे और अपने टेम्पो से बेटे को जिला अस्पताल दुर्ग लेकर गए। परिजनों का कहना है कि जब स्कूल बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकता, तो ऐसे संस्थानों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।



#### स्कूल गेट पर ताला बच्चे लौटे घर

चाकूबाजी की घटना के बाद मंगलवार सुबह स्कूल के मुख्य गेट पर ताला लगा देने से कई बच्चे स्कूल परिसर के बाहर ही फंसे रह गए। छोटे-छोटे बच्चे गेट पर खड़े होकर शिक्षकों को आवाज देते रहे मैडम गेट खोलिए हमें अंदर जाना है लेकिन किसी ने दरवाजा नहीं खोला। काफी देर इंतजार के बाद निराश होकर बच्चे वापस घर लौट गए।

#### हमलावर को बाल न्यायालय में किया पेश

स्कूल के एक छात्र पर साथ पढ़ने वाले बालक ने हमला कर दिया था। स्कूल प्रबंधन घायल बच्चे को अस्पताल नहीं पहुंचाया। घायल छात्र के परिजन स्कूल प्रिंसिपल से मिलना चाह रहे थे। हमलावर छात्र को बाल न्यायालय में पेश किया गया।

-**जितेन्द्र वर्मा,** थाना प्रभारी भिलाई नगर

#### जांच कमेटी बनाई

मामला गंभीर है। विभाग ने पुलिस में एफआईआर दर्ज करवा दी है। मैं स्वयं भी स्कूल में जाकर मामले की जानकारी जुटाई है। प्राचार्य सहित पूरी घटना के संबंध में हमने जांच कमेटी भी बनाई है। आरोपी को पुलिस थाने सुरक्षित ले जाने के लिए पुलिस के कहने पर प्राचार्य ने उसके कपड़े बदलवाए। इस बिंदु पर भी हमारी कमेटी जांच करेगी।

-**अरविंद कुमार मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

#### स्कूल प्रबंधन ने की मामला दबाने की कोशिश

घायल छात्र के पिता का कहना है कि उनके बेटे पर हमला करने वाले छात्र के खून से सने कपड़े बदलवा दिए गए ताकि मामला दबाया जा सके। स्कूल की एक शिक्षिका जोसफ मैडम ने कहा मामले को यहीं तक रहने दें। घायल छात्र को अस्पताल पहुंचाने तक की कोई व्यवस्था नहीं की गई। स्कूल की प्रिंसिपल ने वारदात की जानकारी गलत तरीके से दी। उन्होंने कहा कि हमला स्कूल के बाहर हुआ है, जबकि क्लासरूम में मौजूद छात्रों का कहना है कि वारदात कक्षा के अंदर हुई। पिता का कहना है कि घटना के बाद जब हमलावर छात्र भागने की कोशिश कर रहा था, तब कुछ छात्राओं ने उसे पकड़कर शिक्षकों के हवाले किया। उस दौरान बच्चे ने धमकी दी कि अगर मैं अंदर गया, तो बाहर आकर सबको देख लूंगा।

# सब्जी व्यापारियों पर 133 करोड़ रुपए का किराया बाकी, निगम ने 302 लोगों को जारी किया नोटिस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम मुख्यालय के ठीक बगल से स्थित आकाश गंगा सब्जी मंडी के व्यापारियों पर निगम ने 133 करोड़ रुपए से अधिक का किराया बकाया निकाला है। इसे वसूल करने के लिए निगम ने 302 व्यापारियों के खिलाफ नामजद नोटिस जारी की है। व्यापारियों ने जब नोटिस नहीं लिया तो उसने मंडी में सार्वजनिक रूप से चस्पा किया गया है। निगम जल्द ही इनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई करेगा।

आकाश गंगा सब्जी मंडी भिलाई निगम के जोन 1 अंतर्गत आती है। इस मंडी को साल 1992 में बसाया गया था। इस दौरान 278 बड़े प्लॉट काटे गए, जिनकी 30-30 साल की लीजडीड पर उसे रजिस्ट्री किया गया। वहीं 456 छोटे छोटे चबूते फुटकर व्यापारियों के लिए बनाए गए। इन चबूतरों को 5000 रुपए की पंजीयन राशि लेकर व्यापारियों को आवंटित किए गए थे। इनका किराया 60 रुपए प्रति माह निर्धारित किया गया था। उस समय व्यापारियों ने निगम से अनुबंध कर चबूतरा तो अलाट करा लिया, लेकिन, लेकिन व्यापार ना करने से छोड़ दिया गया। निगम ने भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

ऐसा होने से कई थोक व फुटकर व्यापारियों ने एक साथ 10 से 15 चबूतरों पर कब्जा किया और उसके ऊपर बकायदा दुकान बना डाली। इसके बाद उसे किराये पर उठा दिया। कब्जेधारक दबंग सब्जी व्यापारियों ने चबूतरों का किराया तो वसूल किया, लेकिन निगम के खाते में तय किराया जमा नहीं किया। अब 33 साल बाद निगम चबूतरों का किराया वूसल करने की याद आई और निगम ने 18 प्रतिशत ब्याज और 100 प्रतिदिन जुर्माना सहित 2 प्रतिशत अधिभार के तहत एक एक चबूतरा आवंटी को 40 लाख से लेकर 50 लाख रुपए पटाने का नोटिस भेज दिया।

- भिलाई नगर निगम अंतर्गत आकाश गंगा सब्जी मार्केट का मामला, जल्द होगी बड़ी कार्रवाई
- आयुक्त ने जारी किया है नोटिस

#### इस तरह हुई किराये और ब्याज की गणना

निगम से मिली जानकारी के मुताबिक आकाश गंगा सब्जी मंडी में कुल 456 चबूतरे हैं। इसमें 302 व्यापारियों को किराया पटाने का नोटिस जारी किया गया है। एक आवंटी वेद प्रकाश सिंह को मिली नोटिस के मुताबिक उसे कुल 44 लाख 10 हजार 804 रुपए किराया जुर्माना सिहत 10 नवंबर तक पटाना था। निगम ने वेद प्रकाश के किराये की जो गणना की है उसके मुताबिक उन्हें एक 45 वर्गमीटर का चबूतरा 14 सितंबर 1992 को आवंटित हुआ था। इसमें 204502 रुपए किराए की राशि, अनाधिकृत कब्जे के लिए 100 रुपए प्रतिदिन जुर्माना की राशि 10 लाख 80600 और 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज व 2 प्रतिशत अधिभार की राशि 31 लाख 25702 रुपए सहित कुल 44 लाख 10804 रुपए देना है।

#### इस तरह एक अरब से अधिक की होगी वसूली

निगम ने 302 लोगों को अनाधिकृत चबूतरे पर कब्जा करके रखने का नोटिस जारी किया है। इनमें से सभी को 40-50 लाख रुपए के बीच की राशि की देनदारी निकाली गई है। यदि अनुसार एक औसत आंकड़ा निकाला जाए तो निगम को आकाश गंगा सब्जी मंडी से 133 करोड़ रुपए की वसूली करना है।

#### “ जल्द होगी कार्रवाई

निगम ने आकाश गंगा सब्जी मंडी में अनाधिकृत रूप से चबूतरों पर कब्जा करके रखने और किराया ना पटाने को लेकर नोटिस जारी किया है। जो व्यापारी राशि समय पर अदा नहीं करेगा उसके खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।

-**राजीव पाण्डेय,** आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई

# न्यूनतम पारा 7.5 डिग्री नीचे आया अगले पांच दिन शीतलहर की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उत्तर से आ रही सर्द हवाओं की चपेट में दुर्ग जिला भी आ गया है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान में सबसे बड़ी गिरावट 7.5 डिग्री सेल्सियस आई जो पिछले 12 साल बाद नवंबर महीने में आई है। ट्विनसिटी का न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने आने वाले पांच दिनों तक दुर्ग, भिलाई सहित प्रदेशभर के कई स्थानों में शीतलहर की चेतावनी दी है।



#### शाम होते ही आर्द्रता 37 तक पहुंची

वातावरण में आर्द्रता में भी बड़ा बदलाव आया है। मौसम विभाग के मुताबिक सुबह 8.30 बजे आर्द्रता 83 होती है लेकिन शाम होते ही यानी 5.30 बजे यह 37 तक हो जाती है। हाल यह है कि सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर तक गर्मी की स्थिति बनी रहती है। लोग इस समय ठंड बिलकुल महसूस नहीं करते लेकिन वहीं शाम 5 बजे के बाद स्थिति बदल जाती है। आर्द्रता आधे से भी कम हो जाती है। जिसकी वजह से अचानक ठंड लगती है जो देर रात तक बनी रहती है।

# धान खरीदी को 3 दिन शेष, सहकारी समिति के हड़ताली कर्मचारियों को नोटिस जारी, एक पर एफआईआर भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सहकारी समिति के हड़ताल को लेकर शासन और महासंघ आमने-सामने हो गए है। धान खरीदी को केवल तीन दिन बाकी है। ऐसे में शासन ने हड़ताली कर्मचारियों को काम पर वापस लाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। समिति प्रबंधक से लेकर सभी कर्मचारियों को शासन ने नोटिस जारी कर दिया है। वहीं धमतरी के नोडल अधिकारी के खिलाफ एफआईआर भी करवाने के लिए पत्र जारी किया है। साथ ही संभाग आयुक्तों को सचिव ने यह निर्देश दिए हैं कि दीगर विभाग के कर्मचारियों से धान खरीदी की वैकल्पिक इंतजाम कर लें। इन हिदायतों के बाद छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ आक्रोशित हो गया है। बुधवार को पूरे कर्मचारी धमतरी जाकर उपायुक्त सहकारिता व उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं का घेराव करेंगे।



हड़ताल स्थल पर आदेश की प्रति जलाकर सद्बुद्धि यज्ञ करते हड़ताली।

#### समिति प्रबंधक की जगह दीगर विभाग के कर्मचारी

सहकारिता के सचिव ने मंगलवार को संभाग आयुक्तों व कलेक्टरों को आदेश जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि धान उपार्जन नीति 2025-26 के तहत 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ किया जाना है। धान उपार्जन का कार्य प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किया जाता है। वर्तमान में समिति के कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके कारण समितियों में निर्धारित तिथि में धान खरीदी शुरू करने में दिक्कतें आ सकती है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत विभाग के वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारी निरीक्षक, सहकारिता विस्तार अधिकारी और अन्य विभाग को शामिल किया जाए। राजस्व, खाद्य , कृषि सहित अन्य विभाग के कर्मचारियों को समिति प्रबंधक का प्रभार सौंप कर धान उपार्जन का कार्य संपन्न कराया जाए।

### घरवालों ने जब डॉक्टर से किया संपर्क, तब हुआ मामले का खुलासा

# बच्चे के वोकल कार्ड में फंसा खिलौने का टुकड़ा जेएलएन अस्पताल में इलाज से मिला नया जीवन

**तीन साल के बच्चे का सेक्टर-9 हॉस्पिटल में सफल इलाज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी द्वारा संचालित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर नौ के चिकित्सकों ने फिर एक बच्चे की जान बचाने में सफलता हासिल की है। तीन साल के एक बच्चे के वोकल कोर्ड (स्वरयंत्र) में खिलौने का एक हिस्सा फंस जाने से अचानक उसकी सांस रुक गई । घबराए हुए घर वाले उसे लेकर चिकित्सालय पहुँचे । इसके बाद चिकित्सकों ने बच्ची आपातकालीन विभाग में जांच के बाद पता चला कि बच्चे के श्वसन मार्ग में तीर कमान सैट खिलौने का एक हिस्सा सक्शन कप एरोहेड टिप फंसी हुई थी। उसे तत्काल पीडियाट्रिक आईसीयू में भर्ती कर स्थिर किया गया और ईएनटी आपातकालीन ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया।



#### टीमवर्क से मिली सफलता

मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. तनुजा और डॉ. अबानी की एनेस्थीसिया टीम ने नाजुक स्थिति में बच्चे के श्वसन नियंत्रण और एनेस्थेटिक प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली। इस बीच डॉ. अश्विन, अशोक जैसवाल के नेतृत्व में की डॉ. प्रियंका, डॉ. रौशन और डॉ. गिरिधर के सहयोग से, डॉ. प्राची मेने के पर्यवेक्षण में बाह्य वस्तु को सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया। कुछ ही पलों में बच्चे की सांसें सामान्य होने लगी तब माता पिता ने राहत की सांस ली । उन्होंने जेएलन अस्पताल के डाक्टरों के प्रति कृतज्ञता जाहिर की।



#### खिलौने से सुरक्षा जरूरी

बच्चे की जान बचाने के डाक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ के इस संघर्ष में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर और डॉ. उदय कुमार की चिकित्सकीय टीम के साथ ही ऑपरेशन थियेटर स्टाफ सुषमा, अज्जी, अंशु, संजू सिस्टर, हरी भाई, अंशुल और दिनेश के साथ पीडियाट्रिक आईसीयू, एफ 1 ईएनटी वार्ड और एनेस्थीसिया ग्रुप का योगदान रहा। डाक्टरों ने बताया कि यह घटना चिकित्सकीय कुशलता के साथ एक गहरी चेतावनी भी है। छोटे बच्चों के लिए खिलौनों का चयन करते समय अभिभावकों को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। छोटे हिस्सों वाले या श्वासनली में फंसने का खतरा पैदा करने वाले सक्शन टिप्स या प्रोजेक्टाइल्स जैसे खिलौने पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए अत्यंत ख़तरनाक हो सकते हैं। माता-पिता से अपील है कि वे बच्चों के खेलते समय निगरानी रखें, खिलौनों के सुरक्षा लेबल अवश्य पढ़ें और यह सुनिश्चित करें कि खिलौने उम्र और विकास स्तर के अनुसार सुरक्षित हों।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

भिलाई ब्रांच के लिए

आवश्यकता है

➔ सीनियर मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव
➔ मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव

- **शैक्षणिक योग्यताः** स्नातक / एम.बी.ए.
- **अनुभवः** मार्केटिंग / सेल्स में (अनुभवी को प्राथमिकता)
- **कौशलः** उत्तम संप्रेषण क्षमता, टीम भावना, तथा ग्राहक संबंध बनाने की योग्यता
- **वेतनः** आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन
- **स्थानः** दुर्ग-भिलाई

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा के साथ हरिभूमि भिलाई कार्यालय में संपर्क करें

संपर्क

कमला मेडिकल के पास, राधा पैथोलॉजी के ऊपर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

0788-4091720, 88899-68883

# कामधेनु यूनिवर्सिटी में 29 करोड़ के कामों का बंटाधार, वीसी बंगला, रिसर्च टॉवर आज भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कामधेनु यूनिवर्सिटी अंजोरा के अस्तित्व में आने के बाद से घोटाले सामने आ रहे हैं। बावजूद इसके अब तक कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई है। वर्ष 2016-17 में छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए हाईटेक लैब बनाने के साथ अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए कार्ययोजना बनी। करीब 29 करोड़ के लिए 6 कामों की स्वीकृति ली गई। विश्वविद्यालय में कुलपति, कार्यपालक अधिकारियों सहित स्टाफ के लिए आवास बनाना तय किया गया। इसके अलावा नया प्रशासनिक भवन, कॉलेज बिल्डिंग का एक्सटेंशन तय किया गया। दुर्ग शहर के पद्मनाभपुर सब्जी मंडी के पास वेटरनरी क्लिनिक बनाए जाने की कार्ययोजना बनी। विश्वविद्यालय परिसर में सर्वसुविधायुक्त 50 सीटर गर्ल्स हॉस्टल के लिए भवन बनाने की स्वीकृति ली गई। इन सारे विकास कार्यों के लिए नेशनल एग्रीकल्चर बैंक ऑफ रूरल डेवलपमेंट ने 29 करोड़ रुपए दिए। विश्वविद्यालय के इन कार्यों को शुरू करने के लिए नाबार्ड की टीम ने भौतिक सत्यापन भी किया। बाद में नाबार्ड के छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय चीफ जनरल मैनेजर आरएम कुमार सहित टीम ने कामधेनु विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया था। इसके बाद काम शुरू हुआ, जो आर्थिक अनियमितता, घटिया निर्माण की भेंट चढ़ गया। इन सारे कामों में कई काम अब भी अधूरे हैं। वीसी बंगला अब भी नहीं बन पाया है। वर्तमान कुलपति आरआरबी सिंह आज भी गेस्ट हाउस में रह रहे हैं। रिचर्स टावर बिल्डिंग का काम अब भी अधूरा है। पद्मनाभपुर में बना 3 करोड़ का क्लीनिकल कॉम्प्लेक्स का तो एक मंजिल निर्माण ही नहीं हुआ। खास बात यह है कि इन सभी मामलों में लंबे समय से जांच जारी है। उल्लास अरविंद देशमुख पर भी इन मामलों में जांच भी बैठी है, लेकिन कार्रवाई अब तक नहीं हो पाई है। वे अब भी कामधेनु यूनिवर्सिटी में परिवीक्षा अधिकारी के रूप में सेवारत हैं।

## घोटालों के खुलासे के बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन करते रहा लीपापोती, दोषी अफसर पर मेहरबानी

### वीसी को बंगले की दरकार, लेकिन 8 साल बाद भी भी काम शुरू नहीं, गेस्ट हाउस में रह रहे

29 करोड़ के कामों में वीसी बंगला का काम भी शामिल था, जो अब तक अधूरा है। जबकि दो कुलपति बदल चुके हैं। इसके अलावापशुपालन एवं कृषि के क्षेत्र में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में रिसर्च टॉवर बिल्डिंग बननी थी, जो अब भी अधूरी है। प्रयोगशाला के साथ रिसर्च पेपर जनरल पब्लिकेशन आदि कार्य किए जाने के उद्देश्य से यह कार्ययोजना बनी। इसके लिए नाबार्ड ने 8.75 करोड़ रुपए मिले थे। दुर्ग शहर के पद्मनाभपुर के पास सब्जी मंडी के करीब वेटरनरी क्लिनिक कॉम्पलेक्स बनाया गया है। इसके लिए करीब 2.72 करोड़ रुपए खर्च किए गए। यह बिल्डिंग आज भी अधूरी है। एक मंजिल इमारत का निर्माण ही नहीं किया गया। वेटनरी कॉलेज एक्सटेंशन बिल्डंग का निर्माण कराया गया। बिल्डिंग का पूरा एक फ्लोर बनाया गया। 8 से 10 बड़े कमरों का निर्माण कराया गया। 6.09 करोड़ रुपए इस पर खर्च किए गए। 1.33 करोड़ से एक्जीक्यूटिव ऑफिसर के आवास बनाए गए। इस प्रकार तीन काम अब भी अधूरे हैं।



### शिकायत पर शिकायत लेकिन कार्रवाई कुछ भी नहीं

अनियमितता के अलग-अलग मामलों में अरविंद उल्लास देशमुख के खिलाफ जांच जारी है। बावजूद इसके किसी मामले में कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई है। हरिभूमि ने जब उनसे बात की, तो उन्होंने किसी भी मामले में बात रखने से इंकार कर दिया। 1.54 करोड़ की फर्जी बिलिंग, नियुक्ति, एमबी बुक में त्रुटि, छेड़छाड़, ट्रैवलिंग भत्ते में अनियमितता, 29 करोड़ के कामों में ड्रॉप बॉक्स के जरिए चहेते ठेकेदारों को काम दिलाने, आर्थिक अनियमितता बरतने, तत्कालीन कुलसचि के साथ सांठगांठ करने सहित कई अन्य मामलों में जांच की जा रही है। कई मामलों में जांच पिछले 5 सालों से चल रही है। फर्जी बिल के मामले में आर्थिक अनियमितता सामने आने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है।

## खबर संक्षेप

### कायस्थ सभा का स्वर्ण जयंती समारोह 14 नवंबर को

दुर्ग। कायस्थ सभा दुर्ग के स्थापना दिवस 14 नवम्बर 1975 के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन कसारीडीह दुर्ग स्थित कायस्थ सभा भवन में शाम 7 बजे से किया जायेगा। कायस्थ सभा दुर्ग के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान महिलाओं एवं युवक युवतियों के लिए 12 नवम्बर को शाम 5 से 7 बजे से रंगोली एवं थाली सजाओ प्रतियोगिता तथा शाम 6 बजे से मेंहदी एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए 45 मिनट का समय निर्धारित होगा। इन सभी स्पर्धाओं के विजेताओं को 14 नवम्बर को शाम आयोजित होने वाले स्वर्ण जयंती समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा। डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ सभा, दुर्ग के स्थापना से लेकर अभी तक अध्यक्ष का पद सुशोभित करने वाले कायस्थ जनों को सम्मानित भी किया जायेगा। उल्लेखनीय है, कि इस स्वर्ण जयंती समारोह में दुर्ग के लगभग 200 से अधिक कायस्थ परिवारों के सदस्य हिस्सा लेंगे। आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की उत्पति पर आधारित नृत्य नाटिका भी प्रदर्शित की जायेगी। नृत्य नाटिका के निर्देशन डॉ. सरिता श्रीवास्तव करेंगी तथा कलाकारों में आराधना खरे, सुप्रिया वर्मा, शालिनी श्रीवास्तव आदि कलाकार हिस्सा लेंगे।

## रिसाली निगम के अंतर्गत नहर किनारे और लोगों के घरों के सामने गड्ढे

# केबल डालने फुटपाथ का पेवर ब्लॉक उखाड़ा, दो नोटिस पर भी सुधार नहीं

भिलाई। टेलीकॉम कंपनी के ठेकेदार ने केबल डालने के लिए फुटपॉथ का पेवर ब्लॉक उखाड़ दिया गया। वहां पर गड्ढे भी खोदे और केबल डाल लिया लेकिन गड्ढे को नहीं भरा गया। रिसाली निगम कें अंतर्गत नहर किनारे से लेकर लोगों के घरों के सामने तक गड्ढे हैं। तीन महीने का वर्कआर्डर पूरा करने के बाद इसे यूं ही छोड़ दिया गया है। बच्चे यहां पर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे है। साइकिल और दुपहिया वाहन चालकों के लिए ये स्थान अब दुर्घटनाजन्य बन गया है। हैरत की बात है कि संबंधित एजेंसी को इस स्थानों का संधारण करने के लिए दो नोटिस भी दिया जा चुका है लेकिन कोई असर नहीं पड़ा।

### इन उदाहरणों से समझिए जानलेवा गड्ढों को



**केस 1**

वार्ड क्रमांक 16 नहर किनारे मोड़ पर ही फुटपॉथ को उखाड़कर केबल डाला गया है। यहां केबल डालने के बाद गड्ढे को पूरा नहीं भरा गया और न ही उखाड़े गए पेवर ब्लॉक को लगाया गया। मोड़ होने की वजह से शाम हो यहां गड्ढे लोगों को दिखाई नहीं देता और इसमें गिर जाते हैं।



**केस 2**

शीतला मंदिर के थोड़ी दूर आगे नहर किनारे केबल लगाने के लिए गड्ढे खोदे गए हैं। यहां भी केबल डाला गया है लेकिन गड्ढे को पूरी तरह पाटा नहीं गया है। स्ट्रीट लाईट का प्रकाश भी यहां पर नहीं होता। इस मार्ग से सबसे ज्यादा आवाजाही लोगों की होती है। श्रमिक वर्ग शाम से रात तक अपने गांव वापस काम से लौटते हैं। अचानक गड्ढे होने की वजह से अनियंत्रित होकर सीधे नहर में गिर रहे हैं।

नोटः इस तरह की लापरवाही उमरपोटी मार्ग, स्टेशन मरोदा रिसाली क्षेत्र में बनी हुई है।

### फुटपॉथ पर चलना हुआ मुश्किल

केबल डालने के लिए एजेंसी ने फुटपॉथ का पेवर ब्लॉक को ही निकाल दिया है। पेवर ब्लॉक फुटपॉथ से निकाले जाने की वजह से लोगों का यहां चलना मुश्किल हो गया है। रहवासी राकेश , विनोद, पूरन, राजू , रमेश प्रसाद आदि बताते हैं कि पूरी बारिशभर केबल वाले गड्ढो में लोग गिरकर घायल हुए हैं। बच्चे फुटपॉथ में दौड़ते-खेलते हैं और अचानक गिर जाते हैं। दो महीने से फुटपॉथ ठीक नहीं किया गया है और न ही गड्ढे भरे गए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में भी लाया गया लेकिन समस्या नहीं सुलझी।

### निगम के नोटिस का भी कोई असर नहीं

केबल एजेंसी को रिसाली निगम ने केबल डालने के लिए बकायदा अनुमति दी है। निगम के मुताबिक अनुमति की शर्त में यह भी उल्लेख है कि केबल डालने के बाद पेवर ब्लॉक को फिर से लगाने और गड्ढे को पाटने का काम भी एजेंसी को करना है। लोगों की शिकायत के बाद निगम ने ठेका एजेंसी को दो बार नोटिस थमाया और इस समस्या को सुलझाने की कोशिश की लेकिन वर्तमान में हल नहीं निकला है। निगम का कहना है कि अंतिम नोटिस के बाद अमानत राशि से इस वर्क को निगम द्वारा करवाया जाएगा।

### हर रोज हजारों लोगों की आवाजाही

केबल जहां डाले गए हैं वहां हर रोज हजारों लोगों की आवाजाही होती है। रिसाली, मरोदा, उमरपोटी, पाउवारा, पुरई सहित आसपास लगे दर्जनभर कालोनियों के लोग आते-जाते हैं। इसके अलावा मरोदा की एक बड़ी आबादी है जहां के लोग सीधे तौर पर प्रभावित है। रहवासी बताते हैं कि घरों के सामने से भी गड्ढे खोदकर केबल बिछाए गए हैं।

### जब्त करेंगे अमानत राशि

केबल एजेंसी की अमानत राशि 60 हजार रुपए निगम में जमा है। गड्ढों को भरने और पेवर ब्लॉक को लगाने के लिए हमने दो नोटिस दिया है। तीसरा व अंतिम नोटिस भेजा जा रहा है। वर्क नहीं किया गया तो उनकी अमानत राशि जप्त करेंगे। गड्ढे भरने व पेवर ब्लॉक लगाने का काम निगम खुद करवाएगी। **-अखिलेश गुप्ता,** ई, रिसाली निगम

# स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने छात्राओं को किया साइकिल वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9वीं कक्षा की नवप्रवेशी छात्राओं को सायकिल वितरित की।

- एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण भी किया

इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने कहा कि हम राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम गीत को पूरा गाने की प्रेरणा लें। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने कहा कि आने वाले समय में दुर्ग शहर के सभी 71 स्कूलों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ जैसे पंखे, लाइट, आरओ पानी और कक्षाओं की पेंटिंग उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें आगे ले जाती है, जो आज पढ़ेगा वही जीवन में आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री यादव ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वार्ड 57 उरला में चार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की घोषणा की और पांच हजार रूपए स्वेच्छानुदान दिया। साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 40 छात्राओं तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उरला में 51 छात्राओं को साइकिल वितरित किया । इस अवसर पर शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### रोजगार कार्यालय में लगेगा रोजगार मेला

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 13 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में चौहान इन्टरप्राइजेस दुर्ग, के 4 पद अकाउन्टेंट के 2 पद, मार्केटिंग मैनेजर के 2 पद, स्क्वेयर बिजनेस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के 100 पद कस्टमर केसर एक्सक्यूटिव, इस प्रकार कुल 104 रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया की जायेगी। 12वी, बी.ई. बी.टेक., एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदाक प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकतें है।

# छात्राओं ने भविष्य के सपनों को बताया, किसी ने तकनीकी तो किसी ने अभियंता बनने जताई इच्छा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बाल दिवस के उपलक्ष्य में अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय बघेरा में किया गया।

- शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय बघेरा में कार्यक्रम



कार्यक्रम के दौरान नवम्बर माह की थीम मैं भविष्य में क्या बनना चाहती हूँ पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य के सपनों को व्यक्त किया। किसी छात्रा ने प्रशासनिक अधिकारी बनकर राष्ट्र सेवा की इच्छा जताई, तो किसी ने तकनीकी क्षेत्र में योगदान देते हुए आईआईटी अभियंता बनने का लक्ष्य बताया। सभी प्रतिभागियों ने दृढ़ संकल्प और निडरता के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की बात कहीं।कार्यक्रम में छात्राओं ने बताया कि उनके गुरुजनों के मार्गदर्शन से उन्हें अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने में सहायता मिली। वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय किसी भी राष्ट्र के विकास का प्रमुख स्तंभ है, क्योंकि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में शुरुआत विद्यालयों से ही करनी होगी।इस अवसर पर विभागीय टीम ने महिला सशक्तिकरण केंद्र, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर सुरक्षा, बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम तथा सखी वन स्टॉप सेंटर से संबंधित जानकारी भी छात्राओं को प्रदान की। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया।

### डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 हुआ लागू

दुर्ग। पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिले के समस्त प्रमुख बैंकों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

इस संबंध में जिला कोषालय, दुर्ग द्वारा भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक तथा ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स की मुख्य शाखाओं को पत्र प्रेषित किया गया है।डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 का उद्देश्य पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी और डिजिटल बनाना है। यह संस्करण फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर आधारित है।

# सांस्कृतिक रैली के साथ रासेयो शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम महमरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। सात दिनों तक निरंतर संचालित विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं जन-जागरूकता गतिविधियों ने ग्रामवासियों पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ा।

- महमरा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन



समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ सुमीत अग्रवाल, क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा विभाग दुर्ग ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवा शक्ति का ऐसा माध्यम है जो शिक्षा को समाज सेवा से जोड़कर संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करती है। छै केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक प्रक्रिया है जिसमें सेवाएं अनुशासन और नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने की। उन्होंने शिविर के सात दिवसीय अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वयंसेवक ग्रामीण परिवेश में रहकर समाज की वास्तविक जरूरतों को समझते हैं। इस शिविर से छात्रों में नेतृत्व समन्वय एवं टीम भावना का विकास होता है। पूर्व माध्यमिक शाला महमरा की प्रधानपाठक परवीना हाशमी ने शिविर की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि छै शिविर से बच्चों एवं युवाओं में सेवा भाव, स्वच्छता और सामाजिक चेतना का विस्तार होता है। डॉ अंबरीश त्रिपाठी प्राध्यापक हिन्दी ने स्वयंसेवकों को समाज में अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करते हुए परिवर्तनकारी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।महमरा की सरपंच नर्मदा ठाकुर ने स्वच्छता, नशामुक्ति एवं जन-जागरूकता के लिए टीम को धन्यवाद देते हुए दोबारा इसी प्रकार के शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान एवं प्लास्टिक मुक्त ग्राम जागरूकता, नशा मुक्ति रैली एवं नुक्कड़ नाटक, सामाजिक सर्वे एवं स्कूल में शैक्षिक सहायता एवं खेलकूद गतिविधियाँ, पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण व जल संरक्षण जनजागरण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया।

## जिले के 70 प्रतिशत मतदाताओं का 2003 की मतदाता सूची से हो चुका मिलान

# जिले में एसआईआर की प्रगति एवं गणना प्रपत्र की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। जिसके तहत निर्धारित तिथि तक कार्य पूर्ण किया जाना है। कलेक्टरअभिजीत सिंह ने सोमवार की शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी ईआरओ, एईआरओ, सभी नगर निगम आयुक्त, सभी सीएमओ नगर पालिका, नगर पंचायत और सर्व सीईओ जनपद पंचायत की बैठक में जिले में एसआईआर की प्रगति और गणना प्रपत्र वितरण की विधानसभावार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि जिले के 70 प्रतिशत मतदाताओं का बीएलओ द्वारा पूर्व में 2003 की मतदाता सूची से मिलान किया जा चुका है। इन मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाया जाना है।

- कार्य में कोताही नहीं बरतने के दिए निर्देश



कलेक्टर ने कहा कि गणना प्रपत्र वितरण एवं प्राप्त करने के काम में समय लग सकता है, लेकिन कार्य के प्रति किसी भी प्रकार की कोताही अक्षम्य होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचक नामावली विशेष पुनरीक्षण के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही गणना प्रपत्र वितरण हेतु बीएलओ के सहयोग हेतु सभी विभागों के अमले को भी क्षेत्रवार कार्य सौंपने के निर्देश दिए। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों, वार्ड पार्षद, गांव एवं क्षेत्र से संबंधित समाज सेवी संस्थाओं एवं समितियों के पदाधिकारियों से भी सहयोग लेने की बात कही। कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान कार्य में प्रगति लाने अधिकारियों से भी सुझाव आमंत्रित किए। साथ ही निर्धारित तिथि तक जिले में एसआईआर के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम अभिषेक अग्रवाल, उप जिला निवार्चन अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, सभी नगरीय निकायों के आयुक्त/सीएमओ, सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ उपस्थित थे।

### ऐसे होगी प्रक्रिया

जिन लोगों की पिछले एसआईआर जो 2003 में बनाई गई थी में नाम है, ऐसे मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची में नाम का क्रम बताना है व जिसका नाम 2003 की सूची में नहीं है उन्हें आवश्यक दस्तावेज गणना प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने गणना प्रपत्र भरने के प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रत्येक मतदाता को 2 गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। एक वह स्वयं अपने पास रखेगा व एक गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को वापस करेगा। दोनों गणना प्रपत्रों में स्वयं की एक-एक रंगीन पासपोर्ट फोटो चस्पा करना अनिवार्य होगा। भरे हुए गणना प्रपत्र को बीएलओ द्वारा क्यूआर कोड के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि गणना प्रपत्र भरने के बाद यदि मतदाता उपस्थित नहीं है तो घर के कोई भी अन्य सदस्य उसके बदले प्रपत्र पर हस्ताक्षर कर सकता है।

# बीएलओ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र का कर रहे वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर संबंधी कार्यक्रम प्रगति पर है। विधानसभावार बीएलओ द्वारा संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण कर आवश्यक जानकारी पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 4 नवबंर से 4 दिसंबर 2025 तक घर-घर जाकर गणना का चरण होगा। 9 दिसंबर 2025 को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन, 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति की कार्यवाही साथ ही 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन) रहेगा तथा 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। आम जनता से अपील की गई है कि एसआईआर कार्य में क्षेत्र के बीएलओ को आवश्यक सहयोग करें।



## खबर संक्षेप



### उमरपोटी से मरोदा तक पेंच रिपेयर कार्य प्रगति पर

**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उमरपोटी मरोदा सड़क का लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग अंतर्गत सड़क का बीटी पेंज रिपेयर कार्य किया जा रहा है। यह सड़क बारिश में उखड़ गई थी। जिसमें लोक निर्माण इंजीनियर युधिष्ठिर सोनवानी के सतत निगरानी में सड़क पर डामर डॉलकर गुणवक्ता पूर्ण रिपेयर किया जा रहा है । जिससे अब लोगो को आवाजाही में सुविधा मिलेगा । उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरूण साव की घोषणा अनुसार दुर्ग संभाग दुर्ग अंतर्गत वर्षा ऋतु पश्चात सड़कों के रख-रखाव व मरम्मत के लिए विस्तृत सर्वे कर खराब सड़कों को चिन्हांकित कर इसकी मरम्मत की जा रही है। संभाग द्वारा बी.टी. पेच के कार्य हेतु एजेन्सी निर्धारित कर ली गई है। उस संभाग के अधीनस्थ उपसंभागों द्वारा 3 नवंबर से जिन मार्गों में बी.टी. पेच का कार्य प्रारंभ किया गया है। इन सड़कों का कार्य हो रहा है। जो माह के दिसम्बर तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## निधन

### शरद राठी

**दुर्ग।** आदर्श नगर दुर्ग निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं दक्षिण गंगोत्री सुपेला स्थित माहेश्वरी इलेक्ट्रिकल्स के संचालक शरद राठी 70 वर्ष का निधन 11 नवंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से 12 नवंबर को सुबह 11 बजे निकलेगी। अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे विकास एवं पंकज राठी के पिता, अशोक, सुखदेव, संजय व विजय राठी के भाई थे।



# हड़ताली कर्मियों ने शासन के आदेश की जलाई होली, धान खरीदी को लेकर संशय

## किसानों का टोकन भी ऐप से नहीं कट रहा, सहकारी समितियों में पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



समिति कर्मचारियों की हड़ताल का आज 9 वां दिन था। यहां 15 नवंबर से धान खरीदी के लिए किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। धान खरीदी की तैयारी भी अधूरी है। हड़ताल कर रहे कर्मचारियों ने शासन के आदेश की होली जलाई है। सभी संभाग दुर्ग के समिति कर्मचारियों से हड़ताल धरना स्थल दुर्ग मे धानखरीदी नीति, अंतरविभागीय कमेटी आदेश, डाटा इंट्री ऑपरेटर ट्रांसफर और कर्मचारियों को प्राधिकृत द्वारा दिए गए नोटिस की होली जलाकर शासन के आदेश का विरोध किया गया है।

आरोप है कि सरकार आंदोलनकारियों की 4 सूत्रीय मांगो पर समुचित ध्यान नहीं दे रही है। वहीं कर्मचारियों को उनके प्राधिकृत अधिकारियों के माध्यम से कार्य मे आने का नोटिस दिया जा रहा है। सहकारी समिति के कर्मचारियों के हड़ताल में होने के कारण धान खरीदी कार्य की तैयारी नहीं हो रही है, समिति में धान उपार्जन की तैयारी प्रभावित हो रही है। किसानों से जुड़े रबी ऋण वितरण, खाद बीज वितरण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

इधर सरकार की ओर से हड़ताल पर गये कर्मचारियों को उपस्थिति सुनिश्चित नहीं करने की स्थिति में सेवा नियम 2018 की कंडिका-16 के तहत व्यापक लोकहित के महत्वपूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न किए जाने कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का आदेश प्रसारित किया गया है।

### किसानों ने हाईकोर्ट बिलासपुर के आदेश का परिपालन नहीं किए जाने का लगाया आरोप

# खेतों से पानी निकासी के लिए रास्ता छोड़ने की मांग रही अनसुनी, किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

## जिला प्रशासन को पहले ही अवगत करा चुके हैं अपनी समस्या से





महतारी सदन निर्माण जिला दुर्ग के पास किसानों के खेतों से पानी निकासी एवं ट्रैक्टर हार्वेस्टर तथा अन्य कृषि उपकरण लाने एवं ले जाने हेतु रास्ता छोड़ने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश को एक तरफ रखते हुए जिला प्रशासन ने यहां मनमाना निर्माण करवा दिया है, इससे यहां असंतोष का माहौल है।

ग्रामीणों के मुताबिक खसरा नंबर 410 पर महतारी सदन निर्माण हेतु लेआउट दिया गया था, उसी समय किसानों के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग को किसानों के खेत से पानी की निकासी एवं खेतों में ट्रैक्टर हार्वेस्टर लाने ले जाने हेतु रास्ता छोड़ने के लिए आवेदन दिया गया था। सरपंच ग्राम पंचायत अंडा को खसरा नंबर 410 के स्थान पर महतारी सदन निर्माण अन्य जगहों पर करवाने हेतु निवेदन किया गया था।

कलेक्टर जनदर्शन दुर्ग में किसानों के द्वारा महतारी सदन का निर्माण खसरा नंबर 410 के स्थान पर अन्य जगह करवाने हेतु निवेदन किया गया था। सरपंच ग्राम पंचायत अंडा को पुनः आवेदन देकर पानी की निकासी एवं ट्रैक्टर हार्वेस्टर लाने ले जाने हेतु जगह चिन्हाकित करने तक महतारी सदन निर्माण कार्य को रोक लगाने हेतु निवेदन किया गया था। ग्रामीणों के मुताबिक कलेक्टर जनदर्शन दुर्ग में किसानों ने उपस्थित होकर पानी की निकासी, ट्रैक्टर एवं हार्वेस्टर लाने ले जाने हेतु 35 फीट रास्ता छोड़कर शेष जगह पर महतारी सदन निर्माण कार्य करवाने हेतु निवेदन किया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2025 में भी किसानों ने महतारी सदन निर्माण कार्य को खसरा नंबर 410 के स्थान पर अन्य जगहों पर करवाने निवेदन किया था। कलेक्टर दुर्ग के समक्ष किसानों ने खुद उपस्थित होकर निवेदन किया था कि लगभग 35 फीट रास्ता छोड़ने के बाद बाकी जगह पर महतारी सदन निर्माण करवाने निवेदन किया था। किसानों ने बताया कि सरपंच ग्राम पंचायत अंडा को दो बार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग, कलेक्टर जनदर्शन में दो बार, सुशासन तिहार में आठ कृषकों द्वारा एवं कलेक्टर दुर्ग के समक्ष दो बार महतारी सदन का निर्माण कहीं और करने और किसानों के आवागमन एवं पानी की निकासी हेतु लगभग 35 फीट रास्ता छोड़ने लगातार निवेदन किया था। इसके बावजूद भी समस्या जस की तस है, ऐसे में क्षुब्ध किसान न्यायालय की शरण में गए हैं।

किसानों ने बताया कि उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर याचिका क्रमांक 3303/2025 में 30 जून 2025 को पारित आदेश के परिपालन में कलेक्टर दुर्ग को 35 फीट रास्ता छोड़ने जगह सी चिन्हांकित करने के पश्चात शेष जगह पर महतारी सदन निर्माण करने हेतु निवेदन किया गया था। लेकिन इसकी अवहेलना कर निर्माण किया गया है। किसानों का आरोप है कि अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, राजस्व निरीक्षक अंडा एवं अंडा के पटवारी, सरपंच ग्राम पंचायत अंडा के सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने याचिकाकर्ता किसानों को सूचना दिए बिना पंचनामा करके ग्राम वासियों के हस्ताक्षर कराए गए हैं। किसानों ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रशासन से कदम उठाने की मांग की है। उक्ताशय की मांग करने वालों में शिकायत कर्ता जितेंद्र कुमार चंद्राकर, दिनेश्वर प्रसाद चंद्राकर, किशोर कुमार चंद्राकर, कुलेश्वर प्रसाद चंद्राकर, हेमेंद्र कुमार चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, दिलीप कुमार चंद्राकर, भारत लाल सिन्हा, दिनेश सिन्हा और यशवंत सिन्हा आदि आवेदक गण शामिल हैं।

# शिक्षकों की लगी एसआईआर में बीएलओ ड्यूटी, पढ़ाई-लिखाई ठप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

- छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन ने जिलाधीश के नाम सौंपा ज्ञापन

जिले के विभिन्न विद्यालयों में अधिकांश शिक्षकों की एस. आई.आर. में बीएलओ ड्यूटी लगाए जाने से विद्यालयों में शिक्षण कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है। शिक्षकों को मतदाता सूची विशेष सघन पुनिरीक्षण एसआईआर के तहत घर-घर जाकर एसआईआर कार्य करना है। इस कारण सरकारी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई-लिखाई ठप होने की स्थिति बन गई है। इस पर नाराजगी जताते हुए छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर दुर्ग के नाम अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर इस व्यवस्था का विरोध किया।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया अगले माह सरकारी स्कूलों में छमाही परीक्षा होनी है शिक्षकों को निरंतर गैर शिक्षकीय कार्यों जैसे बीएलओ ड्यूटी, सर्वेक्षण, ऑनलाइन डाटा एंट्री और विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में लगाई जा रही है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का मूल कार्य शिक्षण है, लेकिन लगातार गैरशिक्षकीय कार्यों में लगाए जाने से शिक्षक-विद्यार्थी दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं। फेडरेशन ने मांग की कि शिक्षकों को गैरशिक्षकीय कार्यों से मुक्त किया जाए और उन्हें केवल उनके मूल कार्य अध्यापन हेतु विद्यालयों में कार्यरत रखा जाए। साथ ही, संगठन ने चेतावनी दी कि यदि इस पर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो फेडरेशन आगामी समय मे आंदोलन करने बाध्य होगा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष पाटन चेतन सिंह परिहार, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्ग सतीश चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष धमधा उत्तम सिंह ठाकुर, जिला संरक्षक सुनील बघेल, ब्लॉक सचिव राजकुमार बघेल, उपाध्यक्ष खेलावन सिंह कुर्रे, राजकुमार गुप्ता, दुलेश्वर टंडन, देवनारायण बघेल, ज्ञानेश्वर द्विवेदी, खिलेश कुमार साहू, अंकेश्वर प्रसाद महिपाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# सतनामी समाज की बैठक में जिला कार्यकारिणी युवा प्रकोष्ठ की घोषणा



**पाटन।** छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक सतनाम भवन पाटन में जिलाध्यक्ष अहेंद्र चेलक के नेतृत्व में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कमल कुर्रे शामिल हुए। बैठक में पाटन तहसील के विभिन्न गांवों से सामाजिक संत भी शामिल हुए। इस अवसर पर कमल कुर्रे ने दुर्ग जिला कार्यकारिणी युवा प्रकोष्ठ का गठन किया। जिसमें शीतल कोठरी दुर्ग जिला संभाग अध्यक्ष, दानेश मारकंडे दुर्ग जिला संभाग उपाध्यक्ष, नरेंद्र गायकवाड जिला उपाध्यक्ष, संजय कोशले जिला सचिव, पंकज जोशी जिला महासचिव, शंकर कोशले कोषाध्यक्ष, कमलेश जोशी विधानसभा अध्यक्ष एवम मीडिया प्रभारी, राजेंद्र देशलहरे ज ब्लॉक अध्यक्ष, प्रेमचन्द गायकवाड संगठन सचिव शामिल है।

# षडविकार को त्याग कर प्राप्त कर सकते हैं प्रभु को : संत निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरूआत मंगलवार को आशीष नगर (पश्चिम ) सडक नं. 23 रिसाली भिलाई में हुई। यहां संत निरंजन महाराज लिमतरा आश्रम ने कहा कि जीवन मे काम, क्रोध, लोभ, मद (अहंकार), मोह और मत्सर(इर्ष्या) षडविकार है इसे त्याग कर ही प्रभु को प्राप्त किया जा सकता है। जीवन से दुर्गुणों का त्याग करे और सद्गुण को अपनाये।

अभिमान पतन का मूल कारण है जो जीवन का विनाश कर देता है इसलिए कभी भी अभिमान न करे। अभिमान के प्रकार बहुत है तन का, मन का, धन का, पद का, प्रतिष्ठा का, रूप का रंग का, बहुतही प्रकार के है अभिमान के वृक्ष में अभद्रता के पुष्प और विनास का फल तैयार होता है इसलिए अभिमान को त्यागे और जीवन मे प्रेम की प्रगाढ़ता को बढ़ाये। यह जानकारी हरिशंकर साहू ने दी।

# विचक्षण जैन विद्यापीठ के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी







विचक्षण जैन विद्यापीठ, कुम्हारी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त कर विद्यालय और नगर का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा साक्षी बरलोटा ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण कर अखिल भारतीय स्तर पर 20 वीं रैंक हासिल की है। साथ ही, साक्षी ने सीए फाउंडेशन प्रथम प्रयास में शानदार सफलता प्राप्त की थी। गौरतलब है कि विद्यालय में अध्ययन के दौरान साक्षी ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे, जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता को दर्शाता है। इसी प्रकार अरहम जैन ने सीए फाउंडेशन प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने सीयूईटी परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अरहम को हारवर्ड बिजनेस कोहार्ट जो इंडियन वीसी के सहयोग से संचालित है, में 90 प्रतिशत स्कॉलरशिप का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। विद्यालय में अध्ययन के दौरान अरहम ने भी सीबीएसई बोर्ड में 93.7 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। इसी प्रकार शिव बराड़िया ने भी सीए फाउंडेशन परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक:202511101000007**
विषयः- ब-121 सनः-2025-2026
मामले की श्रेणीः- राजस्व
छावनी प.ह.न. 00047 [(है०)]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार - जसबीर सिंह. अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

आवेदक - जसबीर सिंह पिता/पति/विभाग- बक्तवार सिंह पता-कोहका भिलाई द्वारा अपने पुत्री नरेन्द्र कौर का जन्म दिनांक 30/06/1992 को स्थान करुणा हास्पिटल ग्राम छावनी तहसील व जिला दुर्ग में होने से जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है! आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र के समर्थन में अनुपलब्धता प्रणाम पत्र सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया है। 02 प्रकरण दर्ज हो! 03 ईश्तहार का प्रकाशन हो! 04 दो गवाह का कथन अंकित किया जावे!

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.11.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/11/2025 को जारी किया जाता है।

DIKESHWAR SAHU
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)**
विषयः- सीमांकन करने बाबत्।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार के आ. क्र. क्यू, दिनांक 06/11/2025 के पालन में ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 भूमिस्वामी श्री / श्रीमती मुकेश, पिता/पति स्व. दुर्गा, निवासी :- सिकोला बस्ती दुर्ग, द्वारा आवेदित ग्राम सिकोला स्थित भूमि खसरा नं. 43/10. रकबा 0.0370 हे० जिसकी सीमा उत्तर में रास्ता, दक्षिण में ख.नं. 39 व 40 भाग, पूर्व में प्लाट नं. ख.नं. 32/65 व 34/4 का भाग, तथा पश्चिम में 41 का भाग है। सीमांकन दिनांकः 25/11/2025 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 10:00 बजे किया जावेगा। उक्त खसरा नं. के जितने टुकड़े हुए है उन भूमिस्वामीयों को उस खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक- 11/11/2025
राजस्व निरीक्षक
सिकोला
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

समक्षः श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, दुर्ग छ.ग.

**शपथ-पत्र**

मै शपथकर्ता उमेन्द कुमार पिता ईश्वर प्रसाद निवास-हाउस न. 143, वार्ड नं. 05. करंजा, हरनसिंधी, कसौन्दा जिला बालोद छ.ग. का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ-
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरा खाता भारतीय स्टेट बैंक में जिसका खाता क्रमांक 34507693485 है जिसमें मेरा नाम UMEND KUMAR NISHAD है। जो कि त्रुटि वश अंकित हो गया है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 3903 1733 4096 व पैन कार्ड नंबर IORPK6220P में मेरा नाम UMEND KUMAR अंकित है। जो कि सही व सत्य है।
4. यह कि UMEND KUMAR NISHAD व UMEND KUMAR ये दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है जो कि मैं स्वयं हूँ तथा मैं अपने सही नाम UMEND KUMAR जाना व पहचाना जाता हूँ एवं जहां पर मेरे सही नाम कि UMEND KUMAR आवश्यकता हो वहां पर अंकित किया जायेगा।
5. यह कि सक्षम प्राधिकारी के समक्ष मेरा सही नाम कि UMEND KUMAR होने के संबंध में प्रस्तुत है।
अतः शपथ पत्र पेश है। उमेन्द कुमार
शपथकर्ता

## बिजनेस साइट

# आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में सफल सर्जरी



**दुर्ग।** लंबे समय से लिंग में गांठ और टेढ़ापन से परेशान युवक को आखिरकार राहत मिली है। संभोग के दौरान तीव्र दर्द झेल रहे इस मरीज का इलाज आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग में किया गया, जहाँ विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अत्याधुनिक तकनीक से लगाकर सफल सर्जरी की। यह जटिल ऑपरेशन डॉ. बांगा और डॉ. नवीन राम दारुका की कुशल टीम ने सफलता पूर्वक सम्पन्न किया। डॉ. बांगा ने बताया कि, 'मरीज के लिंग में गांठ बनने से आकार विकृत हो गया था और दर्द असहनीय था। सर्जरी के बाद उसकी संरचना और कार्यक्षमता दोनों सामान्य हो गई हैं। वहीं, डॉ. नवीन राम दारुका ने कहा कि, तकनीक पेयरोनी बीमारी के गंभीर मामलों में बेहद प्रभावी है और इससे मरीजों को स्थायी राहत मिलती है। विदेशों की तकनीक अब छत्तीसगढ़ में मृत पशुओं के हृदय की झिल्ली से ऊतकों को मिला नया जीवन। यह तकनीक पहले विदेशों में प्रयोग की जाती थी और अब छत्तीसगढ़ में सफलतापूर्वक अपनाई जा रही है। इसमें मृत पशुओं के हृदय की झिल्ली को विशेष प्रक्रिया से तैयार किया जाता है। इस झिल्ली को पेरीकार्डियल पेच कहा जाता है, जो अत्यंत लचीली, मजबूत और जैव-संगत होती है यानी यह मानव शरीर में बिना किसी प्रतिक्रिया के सहज रूप से मिल जाती है। सर्जरी की प्रक्रिया में, डॉक्टर पहले लिंग में बनी गांठ को सावधानीपूर्वक हटाते हैं। इसके बाद जहाँ ऊतक क्षतिग्रस्त होता है, वहाँ यह पेरीकार्डियल पेच लगाया जाता है। यह झिल्ली उस स्थान पर नए ऊतकों के विकास को प्रोत्साहित करती है और कुछ हफ्तों में शरीर का हिस्सा बन जाती है। इससे लिंग की संरचना, लचीलापन और कार्यक्षमता सामान्य हो जाती है। सर्जरी के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य जीवन की ओर लौट रहा है। यह सफलता आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग के लिए गर्व का विषय है क्योंकि यह मध्य भारत में अपनी तरह का पहला ऑपरेशन है, जिसने इस संवेदनशील बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए नई उम्मीद जगाई है।

# पूर्व सीएम बघेल पहुंचे पाटन, भागवत कथा श्रवण कर लिया व्यासपीठ से आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



नगर पंचायत पाटन के अखरा वार्ड स्थित दशहरा मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में मगलवर को पाटन विधायक एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे। उन्होंने श्रद्धाभाव से व्यासपीठ पर विराजमान पंडित युवराज पांडे के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि भागवत कथा आत्मिक शांति और समाज को एकजुट करने का माध्यम है। उन्होंने पंडित युवराज पांडे द्वारा किए जा रहे धार्मिक प्रवचनों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में भक्ति, सद्भावना और संस्कारों को बढ़ावा देते हैं। कथा आयोजक भूपेंद्र कश्यप ने बताया कि यह सात दिवसीय कथा स्वर्गीय श्रीमती मीना कश्यप की स्मृति में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान आयोजक भूपेंद्र कश्यप ने भूपेश बघेल का पुष्पहार और शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने बड़े भक्तिभाव से कथा श्रवण किया। पंडाल में पूरा लीन सुनकर श्रोता भावविभोर हो उठे।

इस अवसर पर अश्नवी साहू, मोनू साहू, अजय सिंगोंर, दिनेश साहू, गोपाल देवांगन मनीष देवांगन आभाष दुबे पुरुषोत्तम कश्यप केदार कश्यप सहित अनेक श्रद्धालु और नगरवासी उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### एसटी/एससी विक्रेताओं के लिए वेंडर-डेवलपमेंट प्रोग्राम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा एसटी/एससी श्रेणी के विक्रेताओं के लिए वेंडर डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन इस्पात भवन में किया गया। 26 विक्रेताओं ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। वेंडर डेवलपमेंट सेल के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।
इस अवसर पर ई-निविदा पोर्टल पर एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसमें निविदा के लिए लॉगिन करने, निविदा भरने की प्रक्रिया तथा तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई।

### श्रीकांत बड़गैया प्रांतीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित दीपक बने महासचिव



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधी अभियंता संघ का प्रांतीय अध्यक्ष एवं प्रांतीय महासचिव पद का चुनाव हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाव, बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, जगदलपुर , कोरबा एवं मड़वा के चारों उत्पादन प्लांट के बहुत अधिक संख्या में अभियंता उपस्थित हुए एवं मतदान में भाग लिया। प्रांतीय अध्यक्ष पद के लिए इंजीनियर श्रीकांत बड़गैया, सहायक अभियंता दुर्ग, इंजीनियर बीबी जायसवाल बिलासपुर एवं इंजीनियर सुरजीत कुमार गुप्ता, अंबिकापुर क्षेत्र द्वारा नामांकन भरा गया, जिसमें से दो अभियंता इंजीनियर बीबी जायसवाल एवं इंजीनियर सुरजीत गुप्ता द्वारा नामांकन वापस ले लिया गया। अतः इंजीनियर श्रीकांत बड़गैया को चुनाव अधिकारी द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। प्रांतीय महासचिव पद के लिए कृष्णचंद जोशी, दीपक निकुंज, शादाब अहमद द्वारा नामांकन भरा गया। शादाब ने नामांकन वापस ले लिया। प्रांतीय महासचिव पद के लिए कृष्णचंद जोशी एवं दीपक निकुंज में से एक को महासचिव चुनने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए 619 इंजीनियरों द्वारा मतदान किया गया।

# मैत्रीबाग जू में कई जानवर उम्रदराज, नहीं लाए जा रहे नए व आकर्षक वन्य प्राणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मैत्रीबाग जू में नए वन्य प्राणी नहीं लाए जाने से लोगों में चिड़ियाघर के प्रति आकर्षण कम होता जा रहा है। कई जानवर और पक्षी उम्रराज हैं और कुछ सिंगल हैं। इससे इस जू की चमक धीरे धीरे फीकी होती जा रही है। खासकर नन्हें पर्यटक निराश हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले दस पंद्रह साल से मैत्रीबाग चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों की संख्या तेजी से कम हो रही है। एक ओर तो यहां अन्य जू से जानवरों व पक्षियों को गाहे बगाहे ही लाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर कई वन्य प्राणियों की स्वाभाविक मौत के बाद कई वृद्ध हो चुके हैं। वहीं सेंट्रल जू अथारिटी के जानवरों के एक्सचेंज के नियम जटिल होने व लोकल व उच्च प्रबंधन की भी इस मामले में दिलचस्पी कम होने से अन्य जू से यहां वन्य प्राणियों का आवक बहुत कम हो गई है। जू में कुछ साल पूर्व तक 5 लायन थे, जो अब मात्र एक ही बचा है। यह लायनेस भी वयोवृद्ध हो चुकी है। इसके चल बसने के बाद बाड़ा पूरी तरह खाली हो जाएगा। इसी तरह यहां 6 साल पहले तक 6 रांयल बंगाल टाईगर थे, लेकिन वर्तमान में एक भी नहीं हैं, एनक्लोजर खाली पड़ा है। 11 वर्षीय एकमात्र तेंदुआ भी बूढ़ा हो चुका है। पच्चीस साल पूर्व यहां तीन जेब्रा हुआ करते थे लेकिन वर्षों से इनका बाड़ा खाली पड़ा है। मैत्रीबाग में दुर्लभ आधा दर्जन लायनटेल मंकी भी थे लेकिन सभी मौत के बाद अन्य जू से इस प्रजाति मंकी नहीं लाए गए। पर्यटकों ने बताया कि प्रबंधन को जल्द देशी विदेशी आकर्षक व विलुप्तप्राय प्रजाति के जानवर व पक्षी अन्य जू से यहां लाए जाने से मैत्रीबाग की रौनक व राजस्व बढ़ेगा।

## देशी-विदेशी आकर्षक परिंदों और जानवरों की दरकार





### पक्षियों की भी चहचहाहट कम

मैत्रीबाग में जानवरों की तरह परिंदों की भी चहचहाहट कम रहो है। यहां एक एडजूटेंट स्टार्क वृद्ध हो चुका है। उम्रदराज सारस भी एक ही है। आधा दर्जन पक्षी सिंगल हैं। यदि जल्द ही इन प्रजाति के पेयर या नए परिंदें अन्य जू से नही मंगाए गए तो इनके कैज पूरी तरह खाली हो जाएंगे। पर्यटकों ने बताया कि दस साल पूर्व यहां बनबिलाव जैसे आकर्षक वन्य प्राणी थे। कैज अब तक खाली है। इसी तरह दर्जनभर आकर्षक विदेशी बर्ड गोल्डन पीजेंट के भी कैज खाली पड़े हैं। अधिकतर पिंजरों में तोते, लव बर्ड्स और उलूक हैं। नए वन्य प्राणियों की आमद से मैत्रीबाग का राजस्व और पर्यटकों का स्वस्थ मनोरंजन होगा।

## शाम होते ही ओपन बार में हो जाते हैं तब्दील

# खेल मैदानों में बढ़ी अराजकता, कहां खेलें बच्चे और बड़े कैसे करें वाकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के खेल मैदानों में बढ़ रही अराजकता क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। उन्हें असामाजिक तत्वों की अराजक गतिविधियों के चलते वाकिंग के लिए मैदानों का रुख करना मुश्किल होता जा रहा है। इस मामले में पुलिस उदासीन बनी हुआ है।

कुछ साल पूर्व तक शाम होते ही गुलजार दिखाई देने वाले टाउनशिप के खेल मैदानों की तस्वीर अब बदली हुई है। जहां कभी बच्चे खेलते और बड़े और महिलाएं वाकिंग करते नजर आते थे, वहां अलग अलग ग्रुपों शोहदों के अराजक और आपराधिक शोरशराबे के नजारे दिखाई देते हैं। शाम होते ही आवारा लड़के साइलेंसर और हार्न की तेज आवाज के साथ फुल स्पीड से मोटर सायकलों पर मैदान पहुंच जाते हैं। पांच छह लड़कों के अलग अलग समूह रात 11, 12 बजे तक हुल्लड़ करते डांस करते रहते हैं। नशा चढ़ने पर आपस में गालीगलौच व मारपीट भी करते हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अवारा लड़के नशे में बोतलें फोड़ते हुए मोबाइल की तेज आवाज में म्यूजिक के साथ डांस कर चिल्लाते रहते हैं। इनके उत्पाद से बच्चों और पालकों में चिंता और डर का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि आवार लड़के समझाने पर बुजुर्गों व महिलाओं से भी बदतमीजी करते हैं। गौरतलब हो कि पिछले विधानसभा चुनाव में पूर्व केबिनटे मंत्री व प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पांडेय ने भी मैदान अराजक व अपराधियों के अड्डे बनने को चुनावी मुद्दा बनया था लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

## फूटी बोतलें व गंदे डिस्पोजल आदि कचरे से पटे मैदान



### नशे में उलझते हैं आने-जाने वालों से

रिसाली स्कूल मैदान, सेक्टर 6 स्कूल मैदान, सेक्टर 7 पानी टंकी मैदान और जयंती स्डेडियम निकट मैदान आदि में नशा करने और अशोभनीय हरकतें करने वाले असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से खिलाड़ियों को अभ्यास करना और बच्चों को खेलकूद करना मुश्किल होता जा रहा है। बड़े व महिलाएं भी वाकिंग पर जाने से कतराने लगी हैं। प्रभावित लोगों ने बताया कि नशे में लोग वाकिंग या आने जाने वाले लोगों से भी उलझते रहते हैं और मना करने पर गालागलौच पर उतारु हो जाते हैं।

### जयंती स्टेडियम मैदान में अफसर भी परेशान

टाउनशिप के कई मैदानों में आवारा लड़कों के साथ युवतियां भी नशा करते दिखाई देती हैं। जयंती स्टेडियम निकटस्थ मैदान में दिनदहाड़े लड़के लड़कियो के वाइन व स्मोकिंग के साथ अशोभनीय हरकतों को देख खिलाड़ियों खासकर महिला खिलाड़ियों को शर्मिंददगी झेलनी पड़ रही है। वहीं सुबह वाकिंग के लिए आने वाले बीएसपी व राज्य शासन के अफसरों को फूटी बोतलों, गंदे डिस्पोजल आदि गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। खिलाड़ियों ने बताया कि पुलिस गश्त के नाम पर सिर्फ रस्मअदायगी करती है।

# जेएलएन अस्पताल निजीकरण के खिलाफ प्रचार अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएसपी जेएलएन अस्पताल के निजीकरण के विरोध में सीटू द्वारा मंगलवार को बोरिया गेट में गेट मीटिंग की गई। यूनियन ने अस्पताल को निजी हाथों में दिए जाने को जनविरोध कदम बताते हुए निजीकरण के कदम को वापस लेने की मांग की। ऐसा नहीं किए जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। सीटू नेताओं ने कहा कि इस्पात मंत्रालय एवं सेल प्रबंधन ने गुपचुप तरीके से डेलॉइट को अस्पताल पर परामर्श देने के लिए हायर किया एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9 अस्पताल सहित विभिन्न अस्पतालों का दौरा भी करवाया, इस दौरे के बारे में भिलाई के चुनिंदा अधिकारियों को छोड़कर किसी को भी खबर नहीं थी सब कुछ गुपचुप तरीके से कर लिया गया। अब खबर सार्वजनिक हुई है कि डेलॉइट ने अपनी रिपोर्ट इस्पात मंत्रालय एवं सेल प्रबंधन को सौंप दिया है जिस पर संयंत्र के उच्च प्रबंधन से राय मांगी जा रही है सीटू ने उच्च प्रबंधन एवं मंत्रालय से दो टूक कहना चाहता है कि डेलोइट द्वारा दिए गए रिपोर्ट को सार्वजनिक करें क्योंकि यह सार्वजनिक उद्योग के अस्पताल का मामला है जो सीधे संयंत्र में कार्यरत एवं सेवानिवृत्ति कामगारों एवं उनके परिजनों से संबंधित है।

सीटू ने कहा कि सेक्टर नौ हास्पिटल के निजीकरण का कोशिश जारी है।हमें मिलकर रोकना होगा इसके लिए सीटू ने संयंत्र के कर्मियों, सेवानिवृत्ति कर्मियों, सभी परिजनों एवं आमजन से अपील किया कि अपनी संबद्धताओं से ऊपर उठकर सीटू सहित जो भी संगठन सड़कों पर उतर रहा है एवं विरोध कारवाईयां कर रहा है उनके साथ खड़े होकर अस्पताल की निजीकरण के खिलाफ हो रही लड़ाई को मजबूत करें ताकि अस्पताल को हर हाल में निजी हाथों में जाने से रोका जा सके

### भिलाई का प्रबंधन नहीं चाहता निजीकरण : सीटू

सीटू नेताओं ने कहा कि अस्पताल को निजी हाथों में देने की कोशिश के खिलाफ सीटू लगातार कर्मियों एवं अधिकारियों से चर्चा कर रहा है चर्चा के दौरान यह बात स्पष्ट रूप से सामने आ रही है कि कर्मचारियों के साथ-साथ संयंत्र एवं अस्पताल का प्रबंधन भी इस अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ है एवं वे अपने स्तर पर विरोध दर्ज करवा रहे हैं ।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के लिए आयुक्त ने बीएलओ से ली जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है, जिसमें बीएलओ डोर-टू-डोर मतदाता गणना पत्रक वितरण का कार्य कर रहे हैं। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त सह अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय एवं संयुक्त कलेक्टर सह निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी सुश्री सिली थामस ने सभी बीएलओ से सभागार कक्ष में चर्चा किये।

चर्चा में गणना पत्रक वितरण के साथ सत्यापन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बीएलओ डोर-टू-डोर जाकर अपने बूथ क्षेत्र के नागरिको को गणना पत्रक वितरण कर रहे हैं। बीएलओ से प्राप्त गणना पत्रक में स्वयं का विवरण भरा जाना है साथ ही प्रत्रक के नीचे 2003 की मतदाता सूची में स्वयं का नाम होने पर एन्ट्री करना है या 2003 की स्थिति में स्वयं का नाम शामिल नहीं होने पर पिता/माता का विवरण भरा जाना है। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य निरंतर जारी है। आयुक्त ने निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिको से अपील किये है कि भारत सरकार एवं जिला प्रशासन के कार्य में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के साथ बीएलओ को सहयोग प्रदान करें। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे उपस्थित रहे।

# दिल्ली में बम धमाके के बाद रेलवे स्टेशनों में चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सोमवार को देर शाम दिल्ली के लाल किले में हुए बम धमाके के बाद जिला दुर्ग में भी पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। रेलवे स्टेशनों में एंटीसेबोटाज टीम व डॉग स्क्वायड से आने जाने वाले रेल यात्रियों के सामानों का चेकिंग शुरू हो गया है। दुर्ग पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी सजग हो गई है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने जिले की सुरक्षा बढ़ाने का आदेश जारी किया हैं। आदेश पर सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्र के भीड़ भाड़ इलाकों में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बिलाई-दुर्ग के रेलवे स्टेशनों पर बीती रात से ही आने जाने वाले संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। दिल्ली में धमाके के बाद दुर्ग एवं भिलाई में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र बाजार, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड एवं जिले की सीमाओं में संदिग्ध व्यक्तियों और सामान की चेकिंग की जा रही है। दुर्ग जिले की सीमाओं में भी नाकेबंदी कर वाहनों की सतत चेकिंग चल रहा है। एंटीसेबोटाज़ टीम एवं डॉग स्क्वायड द्वारा भी रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड की चेकिंग की जा रही है। मॉल, सिनेमाघरों और धार्मिक स्थलों पर भी सुरक्षा जांच की जा रही है।

- थाना और चौकी क्षेत्रों में जांच शुरू, भीड़ भाड़ इलाकों में पुलिस की तैनाती

## एंटीसेबोटाज टीम व डॉग स्क्वायड भी मौजूद



### भीड़भाड़ इलाकों में चेकिंग भी

संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जांच और बिना अनुमति किसी को भी भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में संदिग्ध सामान लेकर जाने न दिया जाए। सभी थानों में कंट्रोल रूम से सीधा संपर्क बनाए रखने का भी निर्देश दिए गए हैं। किसी भी सूचना पर तुरंत कार्रवाई हो सके। शहर के हर जोन में पुलिस की मोबाइल टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। वहीं दुर्ग व भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर स्नैफर डॉग सिम्बा के जरिए संदिग्ध वस्तुओं की पड़ताल की जा रही है।




By Train-रिजर्वेशन कोच
राजस्थान यात्रा
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
यात्रा दिनांक 05 दिसंबर 2025 15 जनवरी 2026 11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-27,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

### हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा 10 नवंबर से अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ हो गया। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव, दिग्विजय कुमार ने बताया कि युवा उत्सव के प्रथम दिन 5 स्पर्धाएं आयोजित हुई। इनमें प्रातः 11 बजे से क्विज प्रतियोगिता सेंट थॉमस कॉलेज, रूआबांधा, भिलाई में आयोजित हुई। इसी प्रकार कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर 7, भिलाई में तात्कालिक भाषण हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम, वाद-विवाद हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम से आयोजित किया गया। निर्णायक प्रवेश सोनी, फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव एवं अशफाक अहमद, सहायक विकास विस्तार अधिकारी दुर्ग उपस्थित थे। दिग्विजय कुमार के अनुसार 11 नवंबर को प्रातः 11 बजे श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई में स्किट स्पार्धा का आयोजन किया गया। शासकीय वावा पाटणकर कन्या महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग, कोलाज, ऑन द स्पॉट पेंटिंग एवं 12 नवंबर को क्ले मॉडलिंग तथा कार्टूनिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी प्रकार 12 नवंबर को खालसा कॉलेज, मालवीय नगर में प्रातः 10 बजे से रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। 12 नवंबर को प्रातः 11 बजे भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई में समूह लोकनृत्य, जनजाति नृत्य आयोजित होगी। विष्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. डॉ. संजय तिवारी एवं कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी है।

## उद्यान का अवलोकन कर संधारण के दिए निर्देश

# शांति नगर में प्रस्तावित रोड निर्माण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत छावनी प्रस्तावित गौ माता चौंक निर्माण, अवैध दुकान एवं बसाहट, शांति नगर में प्रस्तावित रोड निर्माण सहित उद्यान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

जोन क्रमांक-2 वैशाली नगर अंतर्गत छावनी चौंक में गौ माता चौंक का निर्माण कार्य प्रस्तावित है, उक्त स्थल का निरीक्षण निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा किया गया। चौक निर्माण हेतु सक्षम स्वीकृति प्राप्त होने पश्चात निर्माण कार्य कराया जायेगा। गौ माता चौक निर्माण के समीप अवैध दुकान एवं बसाहट है। जिन्हे हटाने सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को निर्देशित किए। वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर में प्रस्तावित नवीन रोड निर्माण कार्य होना है, उक्त स्थल का आयुक्त एवं वार्ड पार्षद अभिषेक मिश्रा द्वारा स्थल अवलोकन किया गया। रोड निर्माण हेतु सक्षम स्वीकृति प्राप्त होने एवं निविदा प्रक्रिया के माध्यम से निर्माण कार्य कराया जायेगा। आयुक्त ने शांति नगर दशहरा मैदान के समीप उद्यान का अवलोकन कर बच्चो के मनोरंजन के लिए लगाये गये झूला, फिसलफट्टी एवं अन्य खेल उपकरण टूटा हुआ है, संधारण कराने जोन आयुक्त को निर्देशित किये है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 दिसंबर 2025, 07 जनवरी, 11 फरवरी, 18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

## हैंडमेड शॉल, स्वेटर और जैकेट का अंबार

**गुरु दलाई लामा का करते है अनुसरण :** हिमांचल से भिलाई आकर लगातार 40 वर्षो से दुकान लगाने वाले लोकसंग नामगेल ने बताया कि आज से 18 साल पहले हमारे गुरु दलाई लामा के पूछने पर बताया कि ग्राहकों से बारगेनिंग करके ऊनी कपड़ों को बेचते है तो उन्होंने ने नाराजगी दिखाते हुए कहा कि ऐसे में गरीब तबके के लोग ठगा जाते है, जो कि समाज के लिए गलत है, तब से गुरु की बातों का अनुसरण करते हुए उनके कहे अनुसार हम एक फिक्स रेट तय कर बेचा जा रहा है।



लाइव इवेंट

## सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स ने सजाई गीतों की महफिल, मिलाए सुर



**भिलाई।** सांगीतिक संस्था सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स भिलाई द्वारा सांगीतिक संध्या के साथ भिलाई - दुर्ग के साहित्य और संगीत से जुड़े कलाकारों का फैमिली गेट टू गेदर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुर संगीत संगम म्यूज़िकल ग्रुप के कलाकारों और भिलाई के अन्य उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा एक से एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई और पूरे कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुर संगीत संगम ग्रुप की वरिष्ठ कलाकार शिप्रा मंडल ने ग्रुप द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स ग्रुप के डायरेक्टर महेश कुमार विनोदिया और ग्रुप के अन्य सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया।



भिलाई दुर्ग के संगीत एवं साहित्य क्षेत्र से जुड़े दिग्गजों में दीपेन्द्र हलदार, अंथोनी फ्रांसिस, जगजीत सिंह भाटिया, परनराज सिंह भाटिया, संगीतकार एवं संगीत निर्देशक कविंद्र बर्मन, मशहूर गिटारिस्ट सतेन्द्र कुमार, सत्या पांडेय, दीपांकर रे, मधुरिमा रे, शिप्रा मंडल, सरोज खत्री, रश्मि घाटे, माया बैनर्जी, सुनील परदेशी, शांताराम वानखेड़े, राकेश शुक्ला, जितेन्द्र टांडी, महेश विनोदिया, रमेश घाटे, प्रकाश चन्द्र बेहरा, गिरीश चतुर्वेदी सभी के द्वारा दी गई एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों में गानों और ग़ज़लों से महफिल में चार चांद लगा दिये। गीत संगीत से सराबोर आयोजन के अवसर पर साहित्यकार लेखिका शुचि भवि, शायरा शबा ख़ान और फरीदा शाहीन भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषिका ज्योति धारकर और महेश विनोदिया द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

● ठंड के वेलकम के लिए ऊनी कपड़ों की ट्विनसिटी में बढ़ी डिमांड

# ऊनी कपड़ों से सजा तिब्बती बाजार, हैंडमेड शॉल व मशीनी जैकेट और स्वेटर का अंबार, हिमांचल व उत्तराखंड से आए कारोबारी

**भिलाई। ट्विनसिटी में पिछले कुछ दिनों से ठंड का एहसास होने लगा है। जो 3 से 4 दिनों में सुबह और रात में काफी बढ़ जाती है। सेक्टर क्षेत्र में गुलाबी सर्दियों की दस्तक के साथ ही शहर में गर्म कपड़ों का बाजार सजे हुए है। सेक्टर 1 वूलन मार्केट, पावर हाउस, दुर्ग राजेंद्र पार्क के बाजू सहित कई जगहों में गर्म कपड़ों का बाजार हर साल की तरह इस बार भी नवंबर महिने की शुरुआत से सज चुके है। यहां अन्य राज्यों के व्यापारियों ने स्टॉल लगाए है। कड़ाके की ठंड से पहले ही शहर में कई राज्यों से स्वेटर सहित ऊन से बने हुडी, शर्ट, टी-शर्ट, जैकेट, ब्लेजर भी लाए गए हैं।**





### 35 से अधिक दुकानें सभी में अनेक वैरायटी

सेक्टर 1 में पिछले 40 सालों से दुकान लगाने वाले तिब्बती मार्केट के प्रमुख लोकसंग नामगेल और सोनम सेरिंग ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल नए डिजाइनर ऊनी कपड़े मार्केट में हैं, जिसकी कीमत 500 रुपए से शुरु होकर 4 हजार तक है। साथ ही यहां उत्तराखंड और हिमांचल प्रदेश से भी आये व्यापारियों ने अपनी दुकाने लगाई है। जिसमें जेंन्टस व लेडीस के शॉल, स्वेटर, मफलर आदि के 200 से अधिक हैंड मेड व मशीन से बने वैरायटी व डिजाइन मिलेगे साथ ही बच्चों के लिए भी आकर्षक गर्म कपड़े रखे गए है।

### जैकेट के नए डिजाइन

वुलन मार्केट में सबसे वृद्ध 83 वर्षीय ओजा डोयला स्टॉल संचालिका के मुताबिक बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक डिजाइनर ऊनी कपड़े स्टॉल में मौजूद हैं। जिसकी खरीदी लुधियाना से की गई है। इसमें बच्चों से लेकर बड़ों के लिए डिजाइनर ऊनी हैं। इस वर्ष जैकेट भी नए डिजाइन में बाजार मौजूद हैं। सभी स्टॉल में लाइट व डार्क दोनों प्रकार के कपड़े लाए गए हैं।

**वूलन डिजाइनर कुर्ती और पैंट सबकी पसंद**

वूलन मार्केट में 300 से 700 रूपए की रेंज में डिजाइनर ऊनी कपड़े लाए गए हैं। इस वर्ष महिलाओं के लिए कुर्ती व पेंट ऊनी कपड़े तैयार किए गए हैं। जिसकी कीमत 2000 से अधिक तक है, महिलाओं के स्वेटर में नेट वर्क, स्टोन वर्क, मोती वर्क व धागों से वर्क किया गया है।



### परंपरागत अंदाज में सजे वूलन बाजार, बच्चों और बड़ों के लिए रंग-बिरंगी टोपी

पिछले कई सालों से पावर हाउस से लगे सेक्टर 1 ग्राउंड वुलन मार्केट में लगाया जाने वाला तिब्बती वूलन मार्केट भी कई दिन पहले ही सजा चुका है। लोकसंग नामगेल ने बताया कि यहां ठंड के लिए डिजाइनर मोजा, टोपी, हैंड ग्लव्स, जैकेट, बनेजर सजाए गए हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक के ऊनी वस्त्रों यहां मौजूद है। बाजार को परंपरागत अंदाज में सजाया गया है, जहां दुकान संचालक नेपाल व तिब्बत के अपने पारंपरिक वस्त्रों में नजर आ रहे हैं। बच्चों और युवाओं के लिए कार्टून पैटर्न के हैड ग्लव्स लाए गए है, जिसकी कीमत 200 रुपए से शुरु है। पिछले वर्षो की तुलना में इस वर्ष महिलाओं के लिए दो सौ से अधिक नए कलेक्शन हैं, जिसमें जैकेट आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस वर्ष बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए रंग-बिरंगी टोपी भी लाई गई है। जो कि 150 सौ रुपए से शुरु है।



### डिजाइनर शॉल महिलाओं की पहली पसंद

स्टॉल संचालिका डोलमा, सीमा ने बताया कि हिमांचल के अलावा पंजाब से ऊनी कपड़े लाए गए हैं। दुकान में डिजाइनर शॉल, कंबल व ऊनी कपड़े मौजूद है, जिसकी कीमत 400 रुपए से 4000 तक है। डिजाइनर शॉल महिलाओं की पहली पसंद होती है, जिसके न्यू कलेक्शन भी मौजूद है। इसमें चमकीले धागों से मशीनी वर्क किया गया है। बीते कुछ सालों से हैंडमेड शॉल की खरीदी कम हो गई है, अब में मशीन वर्क के शॉल व ऊनी कपड़ों की खरीदी की जाती है।

**सेक्टर 1 ग्राउंड में पिछले 40 सालों से सज रहा तिब्बती वूलन बाजार**

### खरीदारों की पहली पसंद सॉफ्ट फैब्रिक

दुर्ग वुलन मार्केट के व्यापारियों ने बताया कि यहां बच्चों के लिए बाबा सूट और युवाओं के लिए हुडी, जैकेट, लॉन्ग स्वेटर, टोपी मौजूद है। ऊनी वस्त्रों में भी कई वैरायटी होती है, जिसमें अधिक्तर सॉफ्ट फैब्रिक के कपड़े खरीदारों की पहली पसंद होते हैं। दुकान में विभिन्न पैटर्न के ऊनी कपड़े लाए गए है। इस वर्ष महिलाओं के लिए डिजाइनर स्वेटर लाया गया है। दुर्ग में साइंस कॉलेज के सामने, नाना-नानी पार्क के बाजू में हर साल की तरह इस बार भी दुकानें सजी हुई है।

सिटी इवेंट

## साइबर अपराध, ऑनलाइन फ्रॉड और पास्को एक्ट की दी जानकारी



**दुर्ग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के तत्वावधान में सेंट जोसेफ द वर्कर कैथोलिक चर्च में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग के दो न्यायाधीश तथा असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के एक सदस्य विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

- सेंट जोसेफ द वर्कर कैथोलिक चर्च में विधिक साक्षरता शिविर
- नागरिकों को अपने विधिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति नई समझ और जागरूकता

कार्यक्रम की शुरूआत चर्च परिसर में अतिथियों के स्वागत कर की गई।जिसके बाद न्यायाधीशों ने शिविर का उद्घाटन करते हुए उपस्थित जनसमूह को विधिक जागरूकता से संबंधित विभिन्न विषयों पर संबोधित किया। उन्होंने साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी और नागरिकों से इन विषयों के प्रति सजग रहने को कहा। शिविर में उपस्थित लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने कानूनी प्रश्नों के उत्तर जानकर मन की जिज्ञासाओं को शांत किया। न्यायाधीशों ने सभी प्रश्नों का सरल और व्यवहारिक समाधान दिया। शिविर में उपस्थित लोगो ने कहा कि यह विधिक साक्षरता शिविर जन-जागरूकता की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायक पहल है। जिससे नागरिकों को अपने विधिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति नई समझ और जागरूकता प्राप्त हुई।

## भरतनाट्यम में वंशिका को गोवा में मिला नृत्य वैभव पुरस्कार, कलाकारों ने दिखाई अपनी प्रतिभा





**भिलाई।** गोवा में आयोजित द्वितीय गोवा संस्कृत कार्निवाल की प्रतियोगिता में भिलाई की वंशिका त्रिपाठी ने हिस्सा लेकर भरतनाट्यम नृत्य के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। यह आयोजन नृत्यार्चना और ऑल इंडिया डांसर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में मडगांव के रविंद्र भवन में आयोजित किया गया था। इस चार दिवसीय महोत्सव में देश भर के नामी कलाकारों और उभरती प्रतिभाओं ने भाग लिया। जिसमें सीनियर ग्रुप में वंशिका त्रिपाठी ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर प्रथम पुरस्कार हासिल किया। साथ ही आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस के लिए उन्हें नृत्य कला वैभव सम्मान से भी सम्मानित किया गया है। वंशिका को दिल्ली द्वारा भी जूनियर छात्रवृत्ति 2022 से अभी तक प्राप्त है। उनके गुरु डॉ जी रतीश बाबू के सानिध्य में वंशिका त्रिपाठी अपनी नृत्य की शिक्षा प्राप्त कर रही है। इसके पहले भी वंशिका के द्वारा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल कर चुकी है।



## उपराज्यपाल को भूमिहार ब्राह्मण समाज ने स्नेह मिलन में आगमन का दिया न्यौता

**भिलाई।** भूमिहार ब्राहमण समाज भिलाई के प्रतिनिधि मंडल ने भिलाई निवास में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें 11 जनवरी को अपने समाज के वार्षिक स्नेह मिलन समारोह में आने का आमंत्रण दिया।

समाज के अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश सिंह, महासचिव मधुसूदन शर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्णानंद राय व उपाध्यक्ष अजय राय ने उप राज्यपाल को गुलदस्ता भेंटकर भूमिहार समाज की ओर से स्वागत किया और भिलाई व राज्य के विकास में अपने समाज के सामाजिक योगदान व गतिविधियों की औपचारिक जानकारी दी।

साथ ही 11 जनवरी को भूमिहार समाज के स्नेह मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में आगमन का निमंत्रण दिया।

## हनुमान मंदिर कैम्प-1 में श्री राम कथा 14 से

**भिलाई।** संकट मोचन हनुमान मंदिर कैम्प-1 भिलाई के प्रांगण में 14 नवंबर से 22 नवंबर तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है।



आयोजक आचार्य पं. ओमप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में अयोध्या धाम से आये हुए श्री श्री 108 संत दामोदार महाराज के मुखारविन्द से दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन श्रीराम कथा का आयोजन 14 से 22 नवंबर तक किया जाएगा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से समय से पहले उपस्थित होकर भगवान की कथा का रसपान करने की अपील की है।

रजत जयंती सप्ताह की धूम, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट सहित विविध प्रतियोगिता

कार्नर न्यूज

# छत्तीसगढ़ी फूड फेस्ट में पारंपरिक व्यजंनों की खूशबू और परिधानों ने बिखेरा जलवा, लोकगीत और नृत्य में दिखाई संस्कृति

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग मे छत्तीसगढ़ रजत जयंती सप्ताह के अंतिम दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फार्मेसी संकाय द्वारा आयोजित स्थापना दिवस और तुलसी पूजन समारोह से की गई। विद्यार्थियों में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं एवं पर्यावरणीय महत्व के प्रति जागरूकता लाने के लिए यह आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत तुलसी पूजन और छत्तीसगढ़ महतारी की आरती कर की गई।इस अवसर पर बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, लोकनृत्य, लोकगीत, पारंपरिक परिधान एवं छत्तीसगढ़ी फूड फेस्ट सहित विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रगति बघेल एवं डॉ. चंद्रिका अहीरवाल ने किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। समारोह में विश्वविद्यालय की डायरेक्टर शालिनी चंद्राकर, रजिस्ट्रार डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार, वाइस प्रेसिडेंट एवं सीओओ प्रभजोत सिंह भुई, डायरेक्टर डॉ. घनश्याम साहू ने विशेष रूप से उपस्थित रहे।




### कैरियर काउंसिलिंग सत्र में दी जानकारी

विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट संकाय द्वारा विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए नया रायपुर में पांच दिवसीय छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह में कैरियर काउंसलिंग सत्र का भी आयोजन किया गया था। सत्र में एडवोकेट श्रुति राव, आदित्य शाह और निधि सोनी तथा अन्य विशेषज्ञों ने विज्ञान, प्रबंधन, फार्मेसी, आयुर्वेद एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कैरियर संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी साझा की।कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों को करियर चयन, भविष्य की दिशा एवं प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए किया गया था, जिसका लाभ बड़ी संख्या मे आगंतुक विद्यार्थियो ने लिया। रजत जयंती महोत्सव की कड़ी में सुहावना छत्तीसगढ़ संस्कृति और स्वाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक व्यंजनों का मनोहारी प्रदर्शन किया गया।

### व्यंजनों के लगाए स्टॉल

कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय की डायरेक्टर शालिनी चंद्राकर के द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अनेक राज्यों की सांस्कृतिक झलकियां प्रस्तुत की और पारंपरिक विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए। कार्यक्रम में विशेष रूप से भिलाई महिला समाज की उपाध्यक्ष पूनम कुमारी सिंग और स्मिता गिरी उपस्थित रही। आयोजन मे विधि विभाग की कार्यक्रम समन्वयक संपदा बैस, सपना पाण्डेय और डॉ. आस्था चतुर्वेदी, डॉ. मंजू साहू शिक्षा विभाग और विद्यार्थी कोनाल सेन बायोटेक्नोलॉजी विभाग का विशेष योगदान रहा।

### इनका रहा योगदान

रजत जयंती समारोह के आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन फोरेंसिक विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हेमलता चंद्राकर, समीक्षा नायर, डॉ. मंजू साहू, नीलम त्रेहान, निकिता साहू और दीक्षा कुमारी शामिल रहे। वही डॉ. स्वाति पांडे, डॉ. मनोज कुमार मौर्य डीन, अखिलेश सेन, दुर्गा श्रीवास्तव, नीतू साहू, सूरज कुमार, अमृता, बी. दिनेश, जयंत बरीक, निकिता साहू, भूमिका सिंह, एलेशिया एलेक्स सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थियों की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सिटी इवेंट

## केन्द्रीय नोडल अधिकारी रेणु ने किया समितियों का भ्रमण



**दुर्ग।** सहकार से समृद्धि योजना के केन्द्रीय नोडल अधिकारी रेणु शेखावत आईएएस अधिकारी नई दिल्ली छत्तीसगढ़ प्रवास में पहुंचे। उन्होंने दुर्ग जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अंतर्गत दुग्ध समिति अहिवारा, मछली सहकारी समिति राजपुर एवं सेवा सहकारी समिति कोड़िया में भेंट दिया गया। तदुपरांत बैंक के प्रधान कार्यालय दुर्ग में नोडल अधिकारी द्वारा दुर्ग सहकारी बैंक अंतर्गत केन्द्र सरकार की सहकार से समृद्धि योजना के तहत 311 समितियों में सीएससी सेंटर के कार्य, माइक्रो एटीएम से लेन-देन, जिला दुर्ग में पाटन, धमधा जिला बालोद में बालोद, डौण्डीलोहारा, गुरुर एवं गुण्डरदेही के एफपीओ, 4 जन औषधी केन्द्र बेमेतरा, भिंभौरी, कलंगपुर और भण्डेरा, विश्व के सबसे बड़े अनाज भण्डारण योजना में जिला बालोद में समिति संबलपुर और सांकरा क, करंजा भिलाई, मेड़ेसरा में बनाये जा रहें है जिसके निर्माण प्रक्रिया की समीक्षा की गई। केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर बनाई जा रही सहकारी समिति एनसीईएल, एनसीओएल, बीबीएसएसएल की सदस्यता की समीक्षा किया गया। बैंक के सभा भवन में सहकार से समृद्धि अंतर्गत गतिविधियों का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया। साथ ही बैंक के ऋण व्यवसाय, अमानत, एग्रीस्टेक पंजीयन, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, ब्याज अनुदान जैसे अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गहन समीक्षा किया गया। कार्यक्रम में युगल किशोर वर्मा महाप्रबंधक अपेक्स बैंक रायपुर, मुकेश कुमार ध्रुव संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग संभाग, अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, एनआरके चन्द्रवंशी उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, हृदेष शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आरके झॉ, प्रजय सोनी, केके नायक, एसपी वाहने, रामकुमार पटेल, कुणाल सिंह आईटीसलूशन हेड, विनीत वर्मा, रोहित वर्मा, विजय वर्मा, कमल किशोर सहित मुख्यालय के अधिकारी उपस्थित रहें।

धर्म लाइव

## प्रो. राजेन्द्र गहिरा गुरु विवि सरगुजा अंबिकापुर के कुलपति नियुक्त



**दुर्ग।** प्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र लाकपाले कृषि वैज्ञानिक संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा, अंबिकापुर के नए कुलपति नियुक्त किए गए हैं। राजभवन ने सोमवार को नियुक्ति का आदेश जारी किया।

गौरतलब है कि डॉ.लाकपाले को 33 वर्षो का अनुसंधान एवं अध्यापन कार्य का अनुभव है। इनके 129 शोधपत्र विभिन्न अनुसंधान पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए है तथा 120 से अधिक शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किए गये है। मिलेट पर डॉ.लाकपाले ने एक पुस्तक भी प्रकाशित की है। इन्हें अनेकों पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वे कई सोसाइटियो के फैलो भी है डॉ.लाकपाले को चीफ ट्रेनिंग आर्गेनाइजर कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव, उपलेखा नियंत्रक, एसोसिएट डायरेक्टर रिसर्च, अधिष्ठाता भाटापारा कृषि महाविद्यालय, विभागाध्यक्ष, निदेशक विस्तार एवं निदेशक प्रक्षेत्र जैसे पदों पर कार्य करने का प्रशासनिक अनुभव भी है। वर्तमान में ये इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में निदेशक प्रक्षेत्र (बीज एवं प्रक्षेत्र) के पद पर अपनी सेवाऐं दे रहे है। डॉ.लाकपाले को देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में एक विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया जाता है। लोक सेवा आयोग उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश व बिहार की परीक्षाओं में वे विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किए जाते है। विभिन्न अकादमिक उद्देश्यों से उन्होंने अमेरिका, इटली व थाइलैंड की यात्राएं कर चुके है।

समाज इवेंट

## वायलिन वादक पं. कीर्ति माधव व्यास को मिला चक्रधर सम्मान



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा राज्यगठन की रजत जयंती राज्योत्सव 2025 के समापन पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन द्वारा संस्कार भारती संस्था दुर्ग जिला इकाई अध्यक्ष एवं प्रख्यात वायलिन वादक गुरू पं. कीर्ति माधव व्यास को शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में प्रतिष्ठित चक्रधर सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रदेश के राज्यपाल रेमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल मौजूद थे। इस उपलब्धि पर संस्कार भारती संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष अजय डांगे, महामंत्री संजय तनखीवाले, सह महामंत्री ज्योति गुप्ता, कोष प्रमुख विकास पांडे, एम.आर. नायडू, हेमंत सगदेव, देवेन्द्र श्रीवास्तव, पल्लवी त्रिवेदी, मिलिंद गुजर, माधवी गुजर, डॉ. ज्योति धारकर, संदीप बोकिलवार, राजेश धारकर आदि ने हर्ष जताया।

समाज इवेंट

## महेश्वरी देवी का दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन व मधुर संकीर्तन आज से



**भिलाई।** जगदगुरु कृपालु महाराज की प्रचारिका सुश्री महेश्वरी देवी वृंदावन वाले का दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन व मधुर संकीर्तन का आयोजन 12 नवंबर से 21 नवंबर तक शाम 6 बजे से शाम 7.30 बजे तक मधुबन नगर धनोरा रोड बोरसी में आयोजित किया गया है। इस आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस आध्यात्मिक प्रवचन में गृहस्थ जीवन में रहते हुए भगवत प्राप्ति कैसे होगी इस पर प्रवचन देंगे। ईश्वर का स्वरूप क्या है। ईश्वर से मानव का संबंध क्या है।ईश्वर प्राप्ति का मार्ग क्या है आदि प्रसंगों पर आध्यात्मिक प्रवचन करेंगी। आयोजन के लिए विशाल पंडाल तैयार किए गए हैं।

छात्रों ने हरियाली और स्वच्छता का दिया संदेश, एंटीऑक्सीडेंट गुणधर्म के पौधों की दी जानकारी

# रंगोली में दिखाया पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ रहने तुलसी का बताया औषधीय महत्व

**भिलाई।** विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की भावना, प्राकृतिक संसाधनों के प्रति संवेदनशीलता और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आदरभाव विकसित करने के लिए स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय भिलाई के कला विभाग द्वारा तुलसी पूजन दिवस मनाकर रंगोली कांपीटिशन का आयोजन किया गया। तुलसी के पौधे के माध्यम से छात्रों को न केवल हरियाली और स्वच्छता का संदेश दिया गया, बल्कि इसके औषधीय, सामाजिक और धार्मिक महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई।







### धार्मिक व मानसिक दृष्टि से महत्वपूर्ण

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सहायक प्राध्यापक गोल्डी सिंह राजपूत, ज्योति मिश्रा और डॉ. सुनीता वर्मा ने बताया कि तुलसी विवाह को एकादशी पर्व से भी जोड़ा गया है, जो भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आरोग्य, आत्मनियंत्रण और मानसिक-शारीरिक शुद्धता के लिए भी अत्यंत उपयोगी है।

### स्वास्थ्यवर्धन में सहायक है तुलसी का पौधा

डॉ. मोनिशा शर्मा ने बताया कि तुलसी में एंटीऑक्सीडेंट गुणधर्म पाए जाते हैं, जो संक्रामक रोगों से रक्षा करते हैं। यह पौधा विशेष रूप से स्फूर्तिवर्धक है और स्वास्थ्यवर्धन में सहायक है। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने बताया कि तुलसी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। इसके पूजन से जहां धार्मिक आस्था प्रकट होती है, वहीं यह स्वास्थ्य संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति का भी माध्यम है। महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज को तुलसी केवल आंगन की शोभा नहीं, बल्कि जीवन की आरोग्यता और पवित्रता का प्रतीक है का संदेश दिया गया।



### समाज में सुख शांति एवं सौहार्द का दिया संदेश

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि एकादशी का पूजन आत्मशुद्धि, धर्मपालन और भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करने का एक पवित्र साधन है। यह दिवस बीत जाने के बाद महाविद्यालय में आयोजित कर विद्यार्थियों और समाज में सुख, शांति एवं सौहार्द का संदेश देता है, जिससे लोकजीवन मंगलमय होता है।

### विजेता हुए पुरस्कृत

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तुलसी चौरा सजाओ विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बताया कि यूनिवर्सल स्कैनर के अनुसार यदि कोई व्यक्ति तुलसी के पौधे की परिक्रमा करता है, तो उसके आभामंडल के प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होती है। तुलसी के नियमित सेवन से शरीर में विद्युत शक्ति का संतुलन बना रहता है और व्यक्ति की आयु में वृद्धि होती है। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम बी.ए. प्रथम वर्ष अपेक्षा राजपूत रही। वहीं तुलसी चौरा सजाओ प्रतियोगिता में बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की साम्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

व्यापारी राष्ट्र निर्माण की धुरी-अजय

# व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय हुआ चेंबर ऑफ कॉमर्स



**भिलाई।** भिलाई नेहरू नगर रोड के व्यापारियों की बैठक मंगलवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने की। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री मनोहर लाल यदु, भिलाई चेंबर अध्यक्ष गर्गी शंकर मिश्र, चेयरमैन दिनकर बासोतिया समेत विवेक बत्रा, प्राण सिंह, अखिलेश सिंह, शिवराज शर्मा, भूपेंद्र नेमा, निर्मल मेनन और कई वरिष्ठ व्यापारी उपस्थित थे। बैठक में लगभग 3500 व्यापारियों के हित से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा हुई।

बैठक में व्यापारियों ने अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं सड़क मरम्मत, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट, पार्किंग, ट्रैफिक नियंत्रण और सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि व्यापारी समाज केवल करदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत कड़ी है। उन्होंने कहा व्यापारी जितना संगठित और सजग रहेगा, प्रदेश उतनी ही तेजी से आत्मनिर्भर बनेगा। चेंबर ऑफ कॉमर्स का उद्देश्य हर व्यापारी की आवाज को शासन तक पहुँचाना है। भिलाई चेंबर अध्यक्ष गर्गी शंकर मिश्र ने कहा कि भिलाई के व्यापारी हमेशा समाज और प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते आए हैं। अब जरूरत है कि क्षेत्रवार बैठकों से व्यापारियों की वास्तविक जरूरतों को समझकर ठोस समाधान निकाला जाए। वहीं चेयरमैन दिनकर बासोतिया ने बताया कि व्यापारियों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर चेंबर लगातार प्रशासन से संवाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान अब पूरे जिले में चलाया जाएगा ताकि हर व्यापारी तक संगठन की पहुँच बने।

बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रत्येक ज़ोन में तीन सदस्यीय प्रतिनिधि दल गठित होंगे जो स्थानीय समस्याओं की रिपोर्ट तैयार करेंगे। साथ ही डिजिटल पेमेंट और जीएसटी अपडेट के लिए प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। अजय भसीन ने आगे कहा कि आने वाले समय में चेंबर हर स्तर के व्यापारियों छोटे दुकानदारों से लेकर उद्योगपतियों तक के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू करेगा ताकि सभी को समान मंच और अवसर मिल सके। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र नेमा ने किया और आभार प्रदर्शन अखिलेश सिंह ने किया। इस अवसर पर उद्योग चेंबर अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद गुप्ता, भूषण अदलक्खा, रामू राव, गौरव मंगिया, राम ओबेरॉय, आशीष कुशवाहा, मनोहर कृष्णानी, महिला अध्यक्ष सुमन कन्नौजे, सरोजिनी पाणिग्रही, हरप्रीत कौर, सविता शर्मा आदि उपस्थित थे।

प्रभंजय कोलकाता में सम्मानित

## गायक प्रभंजय ने कोलकाता में दी भजनों की प्रस्तुति



**भिलाई।** भजन एवं ग़ज़ल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने कोलकाता विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर राष्ट्रीय सम्मेलन में अपने भजन और ग़ज़लों की प्रस्तुति दी। जिसे कोलकाता के श्रोताओं द्वारा बेहद पसंद किया गया। इसके बाद प्रभंजय ने भारतीय भाषा परिषद एवं माथुर चतुर्वेदी सभा कोलकाता द्वारा आयोजित संगीत संध्या में प्रस्तुति दी। प्रभंजय चतुर्वेदी की दोनों प्रस्तुतियों को सुनकर सभी श्रोताओं ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम के पश्चात प्रभंजय चतुर्वेदी का शॉल व श्रीफल से सम्मान किया गया। प्रभंजय की दोनों प्रस्तुतियों में तबले पर भालचंद्र शेगेकर तथा बांसुरी पर दुष्यंत हरमुख ने संगत की। इन दोनों कलाकारों के वादन को भी खूब सराहा गया। भालचंद्र शेगेकर एवं दुष्यंत हरमुख का भी आयोजकों द्वारा शॉल एवं श्रीफल दे कर सम्मान किया गया।

## छत्तीसगढ़ कनेक्ट इन्वेस्टर मीट में 25 फार्मा कंपनियों ने लिया हिस्सा, विचार किए साझा

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कनेक्ट इन्वेस्टर मीट का आयोजन गुजरात में किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के चेयरमैन राजीव अग्रवाल के मार्गदर्शन में निवेशक बैठक संपन्न हुई।



इस इन्वेस्टर मीट में औषधि उद्योग के प्रमुख प्रतिष्ठानों सहित लगभग 25 प्रतिष्ठित फार्मा कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इन सभी कंपनियों को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन दुर्ग के महासचिव अविनाश अग्रवाल को सौंपी गई थी, जिन्होंने अपने प्रयासों से देश की कई अग्रणी फार्मा कंपनियों को इस कार्यक्रम से जोड़ा। बैठक में उपस्थित निवेशकों ने छत्तीसगढ़ सरकार की उद्योग हितैषी नीतियों, सुगम प्रक्रियाओं एवं निवेश के अनुकूल वातावरण की सराहना की। इसके साथ ही विभिन्न कमोडिटी एवं मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से जुड़े अनेक उद्योग प्रतिनिधियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति से प्रभावित होकर राज्य में निवेश की अपनी रुचि व्यक्त की। चेयरमैन राजीव अग्रवाल ने निवेशकों को राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं, रियायतों और पारदर्शी औद्योगिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा उन्हें छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज देश के सबसे विश्वसनीय और तेज़ी से प्रगति करने वाले निवेश गंतव्यों में से एक है।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजन

# संस्कारों का महाकुंभ 10 से 13 दिसम्बर तक 1100 महिलाओं का होगा गर्भोत्सव संस्कार

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ग्राम सिलघट भिंभौरी में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ संस्कारों का महाकुंभ 10 से 13 दिसंबर तक होने जा रहा है। इस पूजन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ भिलाई से भी लोग शामिल होंगे। इस दौरान 1100 गर्भवती महिलाओं का गर्भोत्सव संस्कार और 108 जोड़ों का आदर्श विवाह कराया जाएगा। संस्कारों के इस महाकुंभ में 11 दिसंबर को सुबह 8.30 देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या का विशेष उद्बोधन होगा। यज्ञीय कार्यक्रम के दूसरे दिन देव आह्वान, अग्नि स्थापना क्रम तक ही सिलघट में रहेंगे। डॉ. पंड्या के उद्बोधन के तुरंत बाद अन्य स्थानों में आयोजित यज्ञीय कार्यक्रम में शामिल होने रवाना होंगे।



### छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से प्रमुख जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

सिलघट में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संस्कारों का महाकुंभ कार्यक्रम के क्रम में 12-13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से प्रमुख जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार सिलघट में संस्कारों का महाकुंभ 10 दिसंबर को दोपहर 1 बजे मंगल कलश यात्रा के साथ शुरू होगा जो कि ग्राम सिलघट तथा आसपास के गांव का परिक्रमा कर आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण देते हुए, ग्राम देवता को निमंत्रण देकर यज्ञ स्थल पहुंचेगी। जहां शक्तिकलश का आरती पूजन होगा। शाम 5 बजे शांतिकुंज हरिद्वार केन्द्रीय टोली द्वारा उद्बोधन होगा। 11 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से देवमंच से देव आवाहन, देवपूजन के साथ गायत्री महायज्ञ प्रारंभ होगा। 12 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से गायत्री यज्ञ, 11 बजे से 1100 महिलाओं का गर्भपूजन गर्भोत्सव संस्कार, शाम 5 बजे पांच हजार दीपक से विराट दीप यज्ञ, 13 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से यज्ञ, 11 बजे 108 जोड़ी आदर्श विवाह संस्कार किया जाएगा। जिसके बाद 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहुति, आरती शांतिपाठ के बाद टोली की विदाई की जायेगी।

### दी गई जिम्मेदारी

कार्यक्रम को लेकर ग्राम सिलघट गायत्री परिवार के सक्रीय और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एस.पी. सिंह, दुर्गा प्रसाद टिकरिया, डॉ खोमलाल साहू, शशिकांत, मोहन उमरे, नेमराज वर्मा, सिलघट सरपंच समामोहन पाणिक, मोहन पाणिक, विजेन्द्र सोनबेर, गोवर्धन साहू, विजेन्द्र सोनबेर, देवकी मढ़रिया, गोवर्धन साहू, सत्यभामा परगनिया, चंद्रहास गोलू, रागनी वर्मा, राजेश वर्मा, विजय वर्मा, यमुना वर्मा, हेमलाल साहू, चेतन यादव, लोकनाथ साहू, तुलसी साहू सहित सिलघट, भिभौरी और आस-पास के गांव के लगभग तीन सौ महिला, पुरुष उपस्थित थे। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को यज्ञ व्यवस्था, यातायात, सुरक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, संस्कार, भोजनालय, सफाई सहित अन्य आवश्यक जिम्मेंदारी सौंपी गई।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की संजू देवी महिला वर्ल्ड कप के लिए चयनित



**रायपुर।** स्व बी आर यादव राज्य प्रशिक्षण केंद्र आवासीय बालिका कबड्डी अकादमी, बिलासपुर की संजू दूसरे वर्ल्ड कप कबड्डी महिला चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयनित हुई है। यह प्रतियोगिता 15 से 25 नवंबर तक ढाका बांग्लादेश में आयोजित है। इससे पहले संजू देवी 6 वीं महिला एशियन कबड्डी चैंपियनशिप तेहरान , ईरान में गोल्ड मेडल जीत चुकी है। वर्ल्ड कप के पूर्व अंतिम प्रशिक्षण कैम्प 27 अक्टूबर से 13 नवंबर तक साईं सेंटर गांधी नगर, गुजरात में आयोजित हो रहा हैं। जहां संजू देवी सहित देश के टॉप 25 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर गहन अभ्यास में लगे है। संजू छत्तीसगढ़ से पहली महिला खिलाड़ी होगी जो वर्ल्ड कप खेलेगी। स्व बी आर यादव राज्य प्रशिक्षण केंद्र, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने वरिष्ठ प्रशिक्षक दिल कुमार राठौर और संजू देवी को उनकी इस खास उपलब्धि पर बधाई दी है। इनमें मुख्य रूप से संचालक तनुजा सलाम, सहायक संचालक ए एक्का, वरिष्ठ प्रशिक्षक, राकेश टोप्पो, दिलीप सिंह, हरगुलशन सिंह, टी रेड्डी, रश्मि तिर्की, सरिता कुजूर, सुशील अमलेश, अजीत टोप्पो, जसविंदर सिंह भाटिया, श्रद्धा सोनवानी, बिंदेश्वरी मरावी, कुलदीप बरार, शुभम, अनुश्री भोसले, सुरभि नामदेव, अरविंद गुप्ता, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, महासचिव प्रदीप यादव, अनुज प्रताप सिंह, डॉ बसंत अंचल, सुरेश पवार, सुनील गोरहा, सुनील सिंह, पी जी जयकृष्णन तथा आवासीय अकादमी के समस्त स्टाफ शामिल है।

### स्टेट ए वनडे ट्रॉफी क्रिकेट में छत्तीसगढ़ को मिली जीत



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर 23 स्टेट ए वनडे ट्रॉफी की शुरूआत 9 नवंबर से हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच मंगलवार को रांची में उत्तराखंड अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। उत्तराखंड अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। उत्तराखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 44.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 199 रन बनाये। उत्तराखंड की ओर से कप्तान हर्श राणा ने सर्वाधिक 102 रन बनाये। उनके अतिरिक्त आरुष कुमार ने 43 रन तथा देवांश ने नाबाद 12 रन बनायें। छत्तीसगढ अंडर 23 टीम की ओर से वासुदेव बरेठ ने 4 विकेट तथा विजय यादव ने 2 विकेट प्राप्त किये। 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ ने 39 ओवरों में 4 विकेट खोकर 203 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ की ओर से राहुल प्रधान तथा हर्ष साहु ने 43-43 रनों की पारी खेली। वहीं प्रथम जाचक ने 40 तथा शाश्वत शारदा ने 39 रनों का योगदान दिया। उत्तराखंड की ओर से गजेन्द्र ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

### टेटे में रायपुर बॉयज एवं दुर्ग गर्ल्स टीम रही विजेता



**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग छ्ग शासन के तत्वाधान में शास जे योगानंदम छ्ग महाविद्यालय द्वारा सप्रे स्कूल टेबल टेनिस हाल में राज्य स्तर इंटर सेक्टर टेबल टेनिस (म/पु) स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय टेटे खिलाड़ी विनय बैसवाड़े ने किया। स्पर्धा के विजेताओं को डॉ तपेशचंद्र गुप्ता रीजनल एडिशनल डायरेक्टर एवं प्राचार्य छत्तीसगढ़ कॉलेज, डॉ दिनेश नामदेव खेल संचालक हेमचंद यादव विवि, डॉ ऋतु दुबे,(पर्यवेक्षक), डॉ रामानंद यदु, डॉ प्रमोद मेने ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डॉ रिंकू पांडे, डॉ बोगी, शंकर राव, रिबेका बेन, डॉ कर्मिष्ट शम्भरकर उपस्थित थे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे थे। बॉयज टीम फायनल में रायपुर सेक्टर की टीम ने दुर्ग को 3-0 से हराकर लगातर दूसरी वर्ष यह ख़िताब जीत लिया। रायपुर की ओर से लोकेश सोनकर ने दुर्ग के लकी कों 11-7,11-9 से, रामजी कुमार ने निखिल कों 11-6,8-11,13-11 से एवं आयुष शर्मा ने सक्षम कों 11-6,11-8 से हराकर टीम कों विजयी बनाया। रायपुर टीम के अन्य सदस्य गजेंद्र सिंह चौहान एवं तुलेश्वर थे। इससे पहले रायपुर सेक्टर ने सेमीफइनल में कोरबा सेक्टर को 3-0से, एवं दुर्ग सेक्टर ने राजनांदगाव कों 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। गर्ल्स टीम इवेंट फाइनल में दुर्ग सेक्टर की गर्ल्स टीम ने रायपुर सेक्टर को 3-0 से हराकर फाइनल में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

## आज विश्व निमोनिया दिवस

# इस मौसम में बढ़ जाता है निमोनिया का खतरा, कुछ सावधानियां बरतने से टल सकती है जानलेवा बीमारी

निमोनिया एक बेहद गंभीर और जानलेवा बीमारी है। वैसे तो ये बीमारी किसी को भी हो सकती है, लेकिन बच्चों और बूढ़ों में इसका जोखिम अधिक होता है। ऐसे में आपको कुछ सावधानियां जरूर बरतनी चाहिए। आइए जानते हैं। निमोनिया दुनियाभर में स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चिंता है, खासकर बच्चों के लिए। यह फेफड़ों का एक गंभीर संक्रमण है जो बैक्टीरिया, वायरस या फंगस के कारण हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, निमोनिया पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौत का सबसे बड़ा संक्रामक कारण है। हर साल इस बीमारी के कारण 7.25 लाख से अधिक बच्चे अपनी जान गंवा देते हैं, जिनमें लगभग 1.90 लाख नवजात शिशु भी शामिल हैं।

नवजात शिशु इस संक्रमण के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। निमोनिया की गंभीरता को देखते हुए, लोगों को इसके बचाव और रोकथाम के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 12 नवंबर को विश्व निमोनिया दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस जानलेवा संक्रमण से बचने के लिए लगातार प्रयास और



जागरूकता बहुत जरूरी है।

### क्या होता है निमोनिया?

निमोनिया एक ऐसी स्थिति है जब फेफड़ों की छोटी हवा की थैलियों (एल्वियोली) में तरल पदार्थ भर जाता है, जिससे सांस लेने में गंभीर कठिनाई होती है। यह संक्रमण बैक्टीरिया, वायरस या फंगस के कारण होता है।

वैसे तो निमोनिया किसी को भी हो सकता है, लेकिन कुछ विशिष्ट समूह के लोग इस बीमारी के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं और उनमें जटिलताएं बढ़ने का जोखिम काफी अधिक होता है। इन अति संवेदनशील समूहों में संक्रमण का खतरा और गंभीरता दोनों अधिक होती है, जिसके कारण उन्हें विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। यह जानलेवा बीमारी हर साल लाखों लोगों की जान लेती है, और सही जानकारी एवं समय पर सावधानी से इस जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसलिए इसी के बारे में जानते हैं कि किन्हें इस बीमारी का खतरा अधिक होता है और इससे बचाव के लिए क्या करना चाहिए?



### उच्च जोखिम वाले लोग

निमोनिया का सबसे अधिक खतरा 5 साल से कम उम्र के बच्चों और 65 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को होता है, क्योंकि उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली या तो अपरिपक्व होती है या उम्र के साथ कमजोर हो चुकी होती है। इसके अलावा जो लोग धूम्रपान करते हैं उनमें निमोनिया का खतरा अधिक होता है, क्योंकि तंबाकू के धुएं से फेफड़ों के अंदरूनी ऊतक लगातार क्षतिग्रस्त होते रहते हैं, जिससे उनमें संक्रमण से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है।



### पुरानी बीमारियों से जूझ रहे मरीज

जिन लोगों को पहले से ही क्रोनिक बीमारियां हैं, उन्हें निमोनिया का खतरा अधिक होता है। इनमें डायबिटीज के मरीज, अस्थमा या सीओपीडी के मरीज, और हृदय रोग से जूझ रहे लोग शामिल हैं। इसके साथ ही एचआईवी/एड्स या कैंसर के इलाज (जैसे कीमोथेरेपी) से गुजर रहे लोग भी अधिक जोखिम वाली श्रेणी में आते हैं, क्योंकि उनका इम्यून सिस्टम बहुत कमजोर हो जाता है।

### टीकाकरण (वैक्सीनेशन) है सबसे बड़ी ढाल

निमोनिया से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय टीकाकरण है। 65 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों और क्रोनिक बीमारियों से जूझ रहे लोगों को डॉक्टर की सलाह पर न्यूमोकोकल वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। इसके अलावा फ्लू का वार्षिक टीका भी जरूर लगवाना चाहिए, क्योंकि फ्लू होने से अक्सर निमोनिया का जोखिम बढ़ जाता है। निमोनिया से बचने के लिए स्वच्छता और वातावरण का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। हाथों को नियमित रूप से धुलें। प्रदूषण के अधिक स्तर के दौरान घर के अंदर रहें और एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें।



### छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैम्पियन में ब्रह्मविद एफसी की टीम चैंपियन

**रायपुर।** वीर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा में आयोजित छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग का फाइनल मुकाबला, पुरस्कार वितरण एवं भव्य रंगारंग समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे मैच में खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की।

उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें बड़े और बेहतर मंच के साथ उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने क्लब को आगे भी इसी तरह के खेल आयोजन करने के निर्देश दिए और सहयोग की बात कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि रायपुर शहर कंक्रीट के जंगल में बदलता जा रहा है. यहां पुराने खेल मैदानों को विकसित करने की आवश्यकता है। क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रवीण जैन ने जानकारी देते हुए बतलाया कि दिन का पहला मुकाबला स्पोर्ट्स एकेडमी की महिला टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ब्लैक ने टीम वाइट को रोमांचक




मुकाबले में 2-0 हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली, टीम के लिए माही कुंजाम ने 19वें मिनट में पहला गोल जबकि यामिनी बघेल ने 34 वें मिनट में दूसरा गोल दाग कर टीम को जीत दिलाई। चैंपियंस लीग का फाइनल मुकाबला ब्रह्मविद एफसी और मेट्स पैंथर्स के मध्य खेला गया जिसमें दोनों ही टीमों के मध्य शुरुआत से ही कांटे का संघर्ष देखने को मिला। मैच के 41 वें मिनट में ब्रह्मविद एफसी की ओर से भोले ने पहला गोल दागकर टीम को 1–0 की निर्णायक बढ़त दिलाई, टीम की जीत के हीरो भोले रहे जिन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट में बेस्ट गोलकीपर नरेश चैलेंजर्स के खिलाड़ी नितेश मूर्ति और बेस्ट डिफेंडर मनीष को चुना गया। बेस्ट मीड फील्डर फिल फाइटर्स के प्रदीप, गोल्डन बूट का खिताब मेट्स पैंथर्स के खिलाड़ी नितेश और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार ब्रह्मविद के खिलाड़ी अरुण को चुना गया।

आयोजन में शहर के भूतपूर्व फुटबॉल खिलाड़ी मुश्ताक अली प्रधान, प्रभाकर थीटे, गौतम राहा, श्रीकांत मिश्रा, आलोक शर्मा, देवाशीष राहा सुरेश निहाल, तरुण फ़ुटान, रियाज खान, गिरधर खंडेलवाल का सम्मान बृजमोहन अग्रवाल ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया।

विजेता टीम ब्रह्मविद एफसी को ट्रॉफी एवं 1,11,111 का चेक एवं उपविजेता टीम 77,777 चेक प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वालफोर्ट ग्रुप के चेयरमैन अनिल पारख, पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के हेड ऑफ स्पोर्ट्स डिपार्मेंट राजीव चौधरी, संयोजक मोहम्मद इमरान, मनोज बोथरा, सुमित सिंह, अमित दीवान, प्रफुल जैन इत्यादि मौजूद रहे।



### तीरंदाजी में एकाग्रता का प्रदर्शन



**रायपुर।** साइंस कॉलेज तीरंदाजी अकादमी ग्राउंड में 25 वीं सीनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजन मंगलवार को किया गया। तीरंदाजी संघ के महासचिव आयुष मुरारका के कहा कि उद्घाटन अवसर पर रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे उपस्थिति रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों की हौसल अफजाई की। आयोजन में 22 जिले से 190 तीरंदाज कोच ऑफिशल शामिल हुए। इस प्रतियोगिता के विजेता हैदराबाद में 9 से 19 दिसंबर को आयोजित होने वाली 21 एनटीपीसी सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। मुरारका ने कहा कि समापन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रमुख टोपलाल वर्मा ने कहा कि विश्व में भारतीय तीरंदाजी का मान बढ़ा है, हम सब मिलकर तीरंदाजी को आगे बढ़ाएंगे। राम अग्रवाल (प्रदेश कोषाध्यक्ष बीजेपी) ने कहा कि जशपुर में निर्माणाधीन अकादमी से तीरंदाजी को अंतराष्ट्रीय पहचान दिलाएंगे। इस प्रतियोगिता की विशेष उपलब्धि यह रही कि पैरा तीरंदाज टोमन कुमार सामान्य ओपन प्रतियोगिता भागीदारी निभा रहे हैं। टोमन कुमार अभी-अभी अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को मेडल दिल चुके है। टोमन कुमार 2028 ओलंपिक में आयोजित प्रतियोगिता जिसमें एक कदम दूर है, प्रतिभागी बनने के लिए, इस अवसर पर पार्षद आनंद अग्रवाल,टीटी बेहरा, कैलाश मुरारका, खेल युवा विभाग तीरंदाज के पदाधिकारी शामिल हुए।

- 25 वीं सीनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता

इस प्रतियोगिता में इंडियन वर्ग में, प्रथम कमलेश, द्वितीय निलेश, तृतीय कुबेर और चतुर्थ विकास कुमार, महिला वर्ग में प्रथम चांदनी, द्वितीय सुलोचना, तृतीय माया और चतुर्थ पायल रहे। यह सभी खिलाड़ी शिवतराई अकादमी बिलासपुर जिले के हैं।

### बीएसपी, आरएसपी, दुर्गापुर और बोकारो की क्रिकेट में शानदार जीत



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधा विभाग द्वारा आयोजित सेल क्रिकेट चैंपियनशिप के अंतर्गत मंगलवार को विभिन्न विभागों के बीच मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम एस आर यू के विरुद्ध आरएसपी ने 7 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में एस आर यू की टीम 108 रन पर आउट हो गई। विकास कुमार ने 44 रन बनाए। गेंदबाजी में आरएसपी के शुभ राणा एवं शंकर सन ने तीन-तीन विकेट लिए। ज्योतिर्मय ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में आरएसपी ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 109 रन बनाए। इनमें सुवेंदु ने 48 रन और एसके हमीद ने 34 रन बनाएं। गेंदबाजी में एस आर यू के अमन एवं दीपक ने एक-एक विकेट लिए। दूसरे मैच में बीएसपी ने कॉरपोरेट ऑफिस के विरुद्ध 144 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में बीएसपी टीम ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 236 रन बनाए। कपिल नायडू ने शानदार नॉट आउट 100 रन बनाए। वहीं वीरेंद्र ने 42 रन, मुकेश ने 30 रन और अनिल सिंह ने नॉट आउट 29 रन बनाए। गेंदबाजी में कॉरपोरेट ऑफिस के प्रतीक सुमित एवं रणवीर ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में कॉरपोरेट ऑफिस ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 92 रन बनाए। सच्चिदानंद ने नॉट आउट 29 रन और प्रतीक ने नॉट आउट 28 रन बनाए। गेंदबाजी में बीएसपी के अर्जुन त्यागी ने 3 विकेट, वेंकटेश ने दो विकेट एवं अनिल सिंह ने एक विकेट लिए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में पहले मैच में सेल रांची के विरुद्ध बोकारो ने 156 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में बोकारो ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 256 रन बनाए। इनमें मयूर ने नॉट आउट 102 रन बनाए। ईशान ने 32 रन एवं मार्शल ने 30 रन बनाएं। गेंदबाजी में रांची के विजय कुमार ने दो विकेट ,प्रिंस एवं जोशी अभिषेक ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में रांची टीम 100 रन पर आउट हो गई। उज्जवल मंडल ने 25 रन, एस के मैहर ने नॉट आउट 22 रन बनाए। गेंदबाजी में बोकारो के नीतीश तिवारी ने 3 विकेट, गणेश पासवान ने 2 और मनोज भारती ने दो विकेट लिए। दूसरे मैच में भद्रावती के विरुद् दुर्गापुर ने 75 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में दुर्गापुर ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 206 रन बनाए। इनमें विश्वजीत राय ने नॉट आउट 86 रन, विकास कुमार ने 41 रन और देब ज्योति मंडल ने 37 रन बनाए।

## कार्नर न्यूज

### पाटन- दुर्ग में खेलो इंडिया अस्मिता साइक्लिंग सिटी लीग का भव्य आयोजन

# पाटन की सड़कों पर साइकिल सवारों ने दिखाया दम, 150 से ज्यादा की भागीदारी

**भिलाई।** भारतीय खेल प्राधिकरण एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित खेलो इंडिया अस्मिता साइक्लिंग सिटी लीग का आयोजन साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की ओर से 8 नवंबर को पाटन दुर्ग में किया गया। साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ हिमांशु द्विवेदी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

नरेंद्र कुमार बंछोर अध्यक्ष बीएसपी साइक्लिंग क्लब एवं परविंदर सिंह, अध्यक्ष बीएसपी साइकिल पोलो क्लब ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 150 बालिका एवं महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा क्षेत्र एवं मुख्य संरक्षक साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ थे। अध्यक्षता जितेंद्र वर्मा (प्रदेश मंत्री, भारतीय जनता पार्टी) ने की। साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार ने बताया कि यह प्रतियोगिता 3 आयु वर्ग यूथ बालिका (11 से 14 वर्ष) का 6 किमी , जूनियर बालिका (14 से 18 वर्ष) का 10 किमी एवं सीनियर महिला (19 वर्ष से अधिक) का 20 किमी में आयोजित हुई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल व प्रवीण्य प्रमाण पत्र



एवं शेष सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

आयोजन में विशिष्ट अतिथि पवन शर्मा (डायरेक्टर, मां शारदा एजुकेशन सोसाइटी), सुधीर बंसल उपाध्यक्ष साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ , नीलम राजेश चंद्राकर (जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति), कल्पना नारद साहू (जिला पंचायत सदस्य), कीर्ति नायक (जनपद अध्यक्ष), कमलेश वर्मा (जनपद उपाध्यक्ष), निक्की भाले (नगर पंचायत अध्यक्ष), निशा सोनी (उपाध्यक्ष, नगर पंचायत पाटन), राजा पाठक (सांसद प्रतिनिधि, पाटन), राजेश चंद्राकर (सांसद प्रतिनिधि), सुभाष तिनगुरिया (उपाध्यक्ष साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़) और डॉ रमेश श्रीवास्तव (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ) रहे।

आयोजन में तोशेंद्र वर्मा (संयुक्त सचिव, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़) बीना मिश्रा (कोषाध्यक्ष, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छग), देवप्रकाश वर्मा (सचिव साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिसट्रिक्ट), शंशाक देशमुख (संयुक्त सचिव, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिसट्रिक्ट), अभिषेक जायसवाल (सचिव साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ बालोद डिसट्रिक्ट), जनक लाल साहू (सचिव साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ खैरागढ़ डिसट्रिक्ट) मोहित साहू, (सदस्य साइक्लिंग एसो. ऑफ दुर्ग डिसट्रिक्ट), अभिषेक मिश्रा (सदस्य साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिसट्रिक्ट) ,प्रतीक मनोध्या (एनआईएस कोच, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़), मंदाकिनी यादव (टेक्निकल ऑफिशियल), ज्योति निषाद (टेक्निकल ऑफिशियल), व्यायाम शिक्षक हेमंत बघेल और ललित साहू आदि उपस्थित थे।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का फाइनल एपिसोड जल्द होगा रिलीज



'स्ट्रेंजर थिंग्स' के सीजन 5 की रिलीज का हर एक प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहा है। तो 'स्ट्रेंजर थिंग्स' को चाहने वाले सभी फैंस का इंतजार हुआ खत्म क्योंकि जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है 'स्ट्रेंजर थिंग्स'। 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का बहुप्रतीक्षित पांचवां और फाइनल सीजन अगले महीने रिलीज होगा। प्रशंसक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीजन का आखिरी एपिसोड, जिसका नाम 'द राइटसाइड अप' है, लगभग दो घंटे लंबा होगा। यह एपिसोड 1 जनवरी, 2026 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के साथ-साथ 350 से ज्यादा सिनेमाघरों में भी दिखाया जाएगा। सिनेमाघरों की लिस्ट अभी घोषित नहीं की गई है।

यह शो छह बच्चों की कहानी पर आधारित है, जो हॉकिन्स शहर और पूरी दुनिया को बचाने के लिए वेक्ना नामक खतरनाक दुश्मन से लड़ते हैं। 2022 में, शो के निर्माता ने सोशल मीडिया के जरिए घोषणा की थी कि पांचवां सीजन शो का आखिरी सीजन होगा। उन्होंने बताया, 'सात साल पहले हमने इस कहानी की पूरी योजना बनाई थी। हमें लगा था कि यह चार या पांच सीजन में पूरी होगी। लेकिन कहानी इतनी बड़ी थी कि इसे चार सीजन में समेटना मुश्किल था। अब हम तेजी से आखिरी सीजन की ओर बढ़ रहे हैं। सीजन 4 आखिरी से पहले का सीजन था और सीजन 5 आखिरी होगा।'

### टॉलीवुड

## रामू ने चिरंजीवी से मांगी माफी, 'शिवा' के री-रिलीज से पहले पोस्ट हुआ वायरल



भारतीय सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जिन्हें कल्ट क्लासिक माना जाता है। इन्हीं फिल्मों में से एक है राम गोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित 'शिवा'। 1989 में रिलीज हुई इस फिल्म ने न सिर्फ तेलुगु सिनेमा में नए युग की शुरुआत की, बल्कि निर्देशक वर्मा को भी रातों-रात स्टार बना दिया था। अब इसी फिल्म को फिर से रिलीज किया जा रहा है लेकिन उससे पहले निर्देशक ने चिरंजीवी से माफी मांगी है। 14 नवंबर को 'शिवा' के भव्य री-रिलीज की घोषणा के बीच राम गोपाल वर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें मेगास्टार चिरंजीवी फिल्म के बारे में बात कर रहे थे। इस वीडियो को शेयर करते हुए वर्मा ने लिखा- 'धन्यवाद चिरंजीवी जी। इस मौके पर मैं आपसे सच्चे मन से माफी मांगता हूं अगर मैंने कभी अनजाने में आपको किसी तरह ठेस पहुंचाई हो। आपकी विशाल हृदयता के लिए धन्यवाद।' यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। फिल्म में 'शिवा' की भूमिका निभाने वाले नागार्जुन अक्किनेनी ने अपने पिता अक्किनेनी नागेश्वर राव के जन्मदिन पर फिल्म की री-रिलीज की घोषणा की। उन्होंने लिखा- 'मेरे पिता के जन्मदिन पर, मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय सिनेमा को हिला देने वाली फिल्म एक बार फिर थियेटर्स को हिलाने लौट रही है। शिवा को 14 नवंबर को 4के और डोल्बी साउंड के साथ बड़े पर्दे पर लौट रही है।' नागार्जुन की इस पोस्ट के बाद तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में उत्साह की लहर दौड़ गई। वहीं, राम गोपाल वर्मा ने मजाकिया अंदाज में रिप्लाई करते हुए लिखा- अरे नागार्जुन, यह बच्चों की फिल्म नहीं है, लेकिन चिल्ड्रन डे पर लौटने से बच्चों जैसी खुशी जरूर मिलेगी।' 1989 में रिलीज हुई 'शिवा' एक कॉलेज-आधारित एक्शन ड्रामा थी, जो राम गोपाल वर्मा के खुद के इंजीनियरिंग कॉलेज के अनुभवों से प्रेरित थी। फिल्म में नागार्जुन और अमला अक्किनेनी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही रघुवरन, कोटा श्रीनिवास राव, मुरली मोहन और गोल्लापुडी मारुति राव जैसे दिग्गज कलाकारों ने फिल्म को गहराई दी।

### भोजपुरी

## मोनालिसा ने माइक्रो ड्रामा सीरीज में मारी है एंट्री, शेयर किया अपना रोमांटिक



मोनालिसा ने अपना एक रोमांटिक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में मो ना लि सा 'सैयारा' के गाने पर एक्ट करती दिख रही हैं, जिसके बाद क्रू उनका वीडियो देख रहे हैं। सोशल मीडिया पर मोनालिया के इस वीडियो की तारीफ जमकर हो रही। भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस मोनालिसा को कौन नहीं जानता। उन्होंने अपने दम पर भोजपुरी से लेकर बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में छाप छोड़ी है। उन्होंने अपने लेटेस्ट पोस्ट में अपनी नई माइक्रो ड्रामा सीरीज की टीम को धन्यवाद दिया। अपनी एक्टिंग के लंबे सफर को तय करते हुए भोजपुरी एक्ट्रेस ने अब माइक्रो ड्रामा सीरीज में हाथ आजमाया है। मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर सीरीज की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया।

मोनालिसा ने कैप्शन लिखा, 'मेरे प्यारे दर्शकों, मेरे नए प्रोजेक्ट को इतना सारा प्यार देने के लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। पहली पहल हमेशा खास होती है और यह मेरी पहली माइक्रो ड्रामा सीरीज है। सभी दर्शकों को यह इतनी पसंद आई। सच में बहुत अच्छा लग रहा है। मेरे को-एक्टर्स, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर समेत पूरी टीम को धन्यवाद।' इस पोस्ट में पीछे 'सैयारा' का टाइटल ट्रैक सुनाई दे रहा है। इसी गाने पर मोनालिसा अपने शो के हीरो के साथ रोमांटिक पोज़ देती दिख रही हैं। लोगों ने उनके इस एक्ट की खूब तारीफ भी की है।

### लाइफ स्टाइल



द मैट्रिक्स ट्रेंड

साल 2025 में पुरुषों के फ़ैशन को बयां करने डिजाइनर अमीरी, सेंट लॉरेंट और लैनविन के मैट्रिक्स थीम पर बनाए ड्रेस को जाहिर करना काफी है। मॉडल नियो, मॉर्फियस और ट्रिनिटी, सहित सभी इस ट्रेंड के दीवाने हैं। आप अपने अंदर के जासूस को एक बेहद आकर्षक (और कूल) काले चमड़े के ट्रेंच कोट में ढालें। डिजाइनरों ने इस बटरी आउटरवियर को उपयोगी और आकर्षक रैप-अराउंड बेल्ट के साथ अपग्रेड किया है।

## हेयर की केयर होगी ऐसी, तो कभी नहीं झड़ेंगे बाल



ज्यादातर लोगों को तनाव के कारण भी हेयर फॉल होता है। अगर आप भी काम की भाग दौड़ के चलते स्ट्रेस में रहती हैं, तो आप मेडिटेशन का सहारा लें। इससे तनाव से मुक्ति मिलेगी और हेयर लॉस की समस्या भी कम होगी। साथ ही यह ओवरऑल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद साबित होगा।

एक्सपर्ट के मुताबिक आजकल लोग लो कैलोरी फूड पर ज्यादा रहते हैं। इस वजह से भी हेयर फॉल हो सकता है। एक्सपर्ट लो कैलोरी फूड की जगह प्रोटीन और आयरन रिच खाद्य पदार्थों का सेवन करने की सलाह देती हैं। प्रोटीन और आयरन से भरपूर फूड्स रेड ब्लड सेल्स के जरिए हेयर फॉलिकल्स तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाता है, इससे बाल जड़ से मजबूत बनते हैं और स्वस्थ रहते हैं, तो आज से ही आप प्रोटीन और आयरन रिच फूड खाना शुरू कर दें।

दही और अलसी का सेवन करने से आपकी हेयर फॉल की समस्या दूर हो सकती है। अलसी यानी की फ्लैक्सीड से आपको ओमेगा 3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट मिलेगा और दही से प्रोटीन और प्रोबायोटिक मिलेंगे। यह दोनों कांबिनेशन आपके फैट सॉल्युबल विटामिन को अब्जॉर्ब करने में मदद करेंगे,जो आपकी रूट को नरिश करते हैं।

अगर आप बालों को सुंदर दिखाने के लिए हिट स्टाइलिंग या कर्लिंगकरती है तो इसे आज से ही बंद कर दें आपके बाल इससे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो सकते हैं और हेयर फॉल की समस्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है। आप अपने नेचुरल हेयर को ही अप्रिशिएट करें।इससे आप हेयर फॉल की समस्या से बच सकती हैं।

एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आप पोनीटेल हेयर स्टाइल करती हैं, तो इससे आपको नुकसान हो सकता है। टाइट चोटी बनाने से बालों की जड़ों पर जोर पड़ता है और यह बाल झड़ने का कारण बन सकता है। ऐसे में पोनीटेल की जगह पर ढीले हेयर स्टाइल बनाएं या फिर बालों को खुला भी रख सकती हैं।

## जींस के साथ ऐसे पहनेंगे प्रिंट तो लुक में मिलेंगे फुल मार्क्स



जींस आपके फैशन स्टेटमेंट को परफेक्ट बनाती है। लेकिन आपको अभी भी लगता है कि उसमें और भी अच्छे दिख सकते हैं। अब गर्मी है तो आपके लिए मौसम को देखते हुए भी डेनिम पहननी है। इस मौसम में आप प्रिंट भी जरूर पहनना चाहते होंगे। अगर आप जींस और प्रिंट को साथ में पहनना चाहते हैं, वो भी पर्फेक्ट्ली तो हम आपके लिए कुछ टिप्स ले आए हैं। ये टिप्स आपको प्रिंट और डेनिम का कॉम्बिनेशन करना सिखा देंगे।



### कूल-कूल बेस कलर

डेनिम के साथ प्रिंट शर्ट चुननी है तो सबसे पहले इस शर्ट का बेस कलर बिल्कुल कूल वाला चुन लीजिए। कूल जैसे लाइट ब्लू, लाइट ऑलिव आदि। इस बेस कलर पर डार्क कलर का प्रिंट भी चलेगा। इस शर्ट को जींस में टक इन करके पहनें। लुक बेहद अच्छा आएगा।



### हल्के रंग की डेनिम

आपकी जींस अगर काले, नीले या किसी और रंग में भी हल्के शेड की है तो भी प्रिंटेड शर्ट का लुक अच्छा आता है। लेकिन तब आपको प्रिंट डार्क कलर के चुनने होंगे। इसके साथ सफेद स्नीकर भी कमाल करेंगे।

### एक सी कलर टोन

डेनिम जींस आपकी जिस भी कलर की है, शर्ट भी उसी कलर की चुनिए। शर्ट का बेस कलर जींस जैसा या फिर उससे कुछ हल्का होना चाहिए और इस पर हल्के रंग के प्रिंट हों तो लुक परफेक्ट आएगा।

### पेस्टल कलर चेक शर्ट

प्रिंट में पोल्का डॉट और चेक बेहद कॉमन हैं। लेकिन आप इन्हें भी चुन सकते हैं। आप इनके पेस्टल कलर में चुनाव कीजिए और इन्हें टक इन करके पहनिए। ये लुक आप पर अच्छा लगेगा ही।

## इन गलतियों के कारण बढ़ जाती है त्वचा में ड्राईनेस



त्वचा की सही तरीके से देखभाल करते रहने से स्किन लम्बे समय तक जवां और खूबसूरत रहती है। इसके लिए सबसे पहले आपको स्किन टेक्सचर को समझना जरूरी होता है। अक्सर त्वचा को सही पोषण न मिलने के कारण स्किन ड्राई होने लगती है, लेकिन कई बार जाने-अंजाने में गलत स्किन केयर स्टेप को फॉलो कर लेने से भी त्वचा बेजान नजर आ सकती है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं वो गलतियां जिनके कारण आपकी त्वचा हो सकती है और भी ज्यादा ड्राई। स्किन पोर्स को साफ करने और चेहरे पर मौजूद डेड स्किन की लेयर हटाने के लिए चेहरे पर समय-समय [आर स्क्रब करना जरूरी होता है, लेकिन सर्दियों के मौसम में त्वचा पहले से ही ड्राई होती है और इस पर बार-बार फेस स्क्रब का इस्तेमाल करने से स्किन छिल सकती है और ड्राईनेस को भी बढ़ा सकती है। इसके लिए आप हफ्ते केवल 1 बार ही फेस स्क्रब का इस्तेमाल करें और स्क्रब करते ही चेहरे पर मॉइस्चराइजर जरूर लगायें।

किसी भी चीज को चेहरे पर लगाने से पहले आपको यह जानना बेहद जरूरी होता है कि क्या यह इंग्रेडिएंट आपकी स्किन पर सूट करेगा भी या नहीं? हालांकि इसके लिए हम पैच टेस्ट करते हैं, लेकिन कई बार हम केवल बड़े ब्रांड और एड्स देखकर प्रोडक्ट खरीद लेते हैं और लगा लेते हैं। इस कारण हमारी त्वचा डैमेज हो सकती है और यह स्किन ड्राईनेस को बढ़ा सकती है। इसके लिए आपको सबसे पहले स्किन टाइप और टेक्सचर को समझना चाहिए और चाहे तो आप किसी स्किन एक्सपर्ट की सलाह भी ले सकते हैं।

## सिर्फ कॉटन ही नहीं स्किन फ्रेंडली हैं ये फैब्रिक जो त्वचा की एलर्जी से दे सकते हैं राहत



सेंसेटिव स्किन की बात हो या त्वचा की एलर्जी, हर कोई बस सूती कपड़े पहनने की सलाह देता है। मगर क्या कॉटन के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है? सवाल एकदम सही है और इसका सटीक जवाब है- एक नहीं कई ऐसे फैब्रिक हैं जो स्किन फ्रेंडली हैं। लेकिन केवल सूती ड्रेस पहनने से बात नहीं बनने वाली है। इसलिए अगर आप कॉटन के कपड़ों के अलावा अन्य फैब्रिक से बने ड्रेस पहनना चाहते हैं तो विकल्प मौजूद है।

### सूती कपड़े हैं सुपर

जिन लोगों को त्वचा संबंधित एलर्जी होती है, उनको सूती कपड़े के ड्रेस पहनने की सलाह दी जाती है। गर्मी में त्वचा से संबंधित कोई समस्या नहीं है तो भी हमें ऐसे कपड़ों को पहनना चाहिए। वहीं सर्दियों में भी लोग सूती पहनना पसंद करते हैं।

### खादी के कपड़े

हर मौसम के लिए खादी भी एक बेहतर फैब्रिक मानी जाती है। पहले खादी अधेड़ उम्र के लोगों की पहचान मानी जाती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से फैशन जगत में इस को लेकर काफी एक्सपेरिमेंट हुए हैं। यह कोल्ड को बीट करने के लिए काफी अच्छा माना जाता है। आप चाहें तो ट्रेंड के अनुसार खादी से बनी ड्रेसेज पहन सकते हैं। अब आपको खादी के ड्रेस ऑनलाइन भी मिल जाएंगे। यह इको फ्रेंडली होने के साथ-साथ स्किन फ्रेंडली भी होता है।

### विस्कोस फैब्रिक के कपड़े

विस्कोस फैब्रिक गर्मी के साथ-साथ सर्दियों के लिए अच्छा माना गया है। आप इसको हर मौसम में पहन सकते हैं क्योंकि यह पसीना आसानी से सोख लेता है, जिससे त्वचा को काफी राहत मिलती है।

### कार्नर न्यूज

#### प्लस साइज को कपड़े खरीदने में आती है दिक्कत, टिप्स को करें ट्राई

## प्लस साइज फिगर अब आपके लिए सपना नहीं रहा ऐसे आउटफिट्स ट्राई करेंगी तो दिखेगा बदलाव

जिन लड़कियों को ये लगता है कि प्लस साइज होने के बाद वो खूबसूरत नहीं दिख सकती तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। अगर वो अपने स्टाइल लुक को चेंज करेंगी तो वो पहले से ज्यादा सुंदर लग सकती हैं। क्योंकि जब तक आप सही तरीके से आउटफिट कैरी नहीं करेंगी आप खूबसूरत नहीं लगेंगी। अगर आपको अपना कॉन्फिडेंस वापस लाना है तो इसके लिए आपको अपने लुक्स का मेकओवर करना होगा। इसके लिए यहां बताए गए टिप्स आपके काम आएंगे।

### स्लीवलेस कपड़ों को इस तरीके से करें स्टाइल

अगर आप स्लीवलेस कपड़े पहनने से घबराती हैं कि कही हाथ मोटे न लगे, तो अब आपको इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आप इन्हें स्टाइल कर सकती हैं वो भी बहुत ही अलग अंदाज में। इसके लिए आपको जरूरत है उसके ऊपर पहनने वाले श्रग या फिर लॉन्ग कोट की। ये हर एक आउटफिट के साथ अच्छे से जाते हैं। साड़ी के साथ आप लॉन्ग कोट पहन सकती हैं।



कोई ड्रेस स्टाइल कर रही हैं तो इसके साथ श्रग काफी अच्छा लगेगा। इससे आपके हाथों का मोटापा भी नहीं दिखेगा। इस तरीके से आउटफिट को स्टाइल करें आप पहले से ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी।

### ब्लाउज को इस तरीके से करें स्टाइल

अगर आप लहंगा या साड़ी वियर कर रही हैं तो इसके लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है कि आप अपने ब्लाउज को थोड़ा लंबा बनवाएं। इससे आपका बैली फेट छुप जाएगा। वरना आप बाजार (टॉप डिजाइन) में मिलने वाले ब्लाउज को भी वियर कर सकती हैं। इसमें आप अलग-अलग तरह के नेकलाइन डिजाइन और बैक डिजाइन क्रिएट कर सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसे पहनने के बाद आप खूबसूरत भी लगती हैं और किसी को लगता भी नहीं हैं कि आप मोटी हैं।

### सही फेब्रिक चुने

प्लस साइज महिलाओं को अपने लिए आउटफिट चूज करने के लिए सही फैब्रिक का चुनाव करना आना चाहिए। इसके लिए उन्हें कोशिश करनी चाहिए कि वो चिपकने वाले या फिर हैवी वर्क (प्लस साइज महिलाओं के लिए बॉडी शेपर) वाले कपड़े न खरीदें। इससे उनका वजन और ज्यादा दिखने लगता है। आप चाहे तो कपड़े खरीदने के बाद उनके नीचे पहनने वाला शेप वियर खरीद लें। इससे आपकी फिगर कम लगेगी। अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगी तो बेहद खूबसूरत लगेंगी।

